दैनिक
करंट क्राइम
सिर्फ सच...
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। मंगलवार 08 अप्रैल-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 108 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3

वक्फ संशोधन कानून को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

सीजेआई बोले- पहले करो ये काम, फिर करेंगे विचार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट वक्फ संशोधन कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं को जल्द सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने की मांग पर विचार के लिए राजी हो गया है। सोमवार को याचिकाकताओं द्वारा जल्दी सुनवाई की मांग किये जाने पर प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना ने मामला सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने का भरोसा दिलाया। सुप्रीम कोर्ट में अभी तक आधा दर्जन से ज्यादा याचिकाएं दाखिल हो चुकी हैं जिनमें वक्फ संशोधन कानून को चुनौती दी गई है।

वक्फ को लेकर सुप्रीम कोर्ट में किस-किसने दर्ज की याचिका?

उन्होंने कहा कि इस संबंध में कई याचिकाएं दाखिल हुई हैं इस पर जल्द सुनवाई की जरूरत है। सिब्बल के अलावा वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी और निजाम पाशा ने भी अन्य याचिकाकर्ताओं की याचिकाओं का उल्लेख करते हुए जल्द सुनवाई का आग्रह किया। इसके अलावा इंडियन मुस्लिम लीग, अमानतुल्ला खान और गैर सरकारी संगठन एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स ने भी सुप्रीम कोर्ट में याचिका दर्ज की है।

सीजेआई संजीव खन्ना ने आजकल कोर्ट में मौखिक मेंशनिंग बंद कर रखी है। ऐसे में जस्टिस खन्ना ने कहा कि मेंशनिंग के लिए एक व्यवस्था बनी हुई है आप जल्द सुनवाई की मेशनिंग के लिए पत्र या मेल भेज कर आग्रह करें। सिब्बल ने कहा कि वह ऐसा कर चुके हैं इस पर चीफ जस्टिस ने कहा कि वह दोपहर बाद उसे देखेंगे और मामला सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर विचार करेंगे। केस सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा। पहली याचिका कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद ने दाखिल की थी। इसके बाद एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने याचिका दाखिल की। जमीयत-उलमा-ए-हिंद मौलाना अरशद मदनी ने भी याचिका दाखिल की है उनकी याचिका में अंतरिम मांग की गई है जिसमें कानून को लागू करने पर रोक मांगी गई है। एक याचिका समस्त केरला जमीअतुल उलमा ने भी दाखिल की है।

वक्फ संशोधन कानून को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ के समक्ष जमीयत-उलमा-ए-हिंद की याचिका का उल्लेख किया और कहा कि इसमें वक्फ संशोधन कानून को चुनौती दी गई है। सीजेआई संजीव खन्ना ने आजकल कोर्ट में मौखिक मेंशनिंग बंद कर रखी है। ऐसे में जस्टिस खन्ना ने कहा कि मेंशनिंग के लिए एक व्यवस्था बनी हुई है आप जल्द सुनवाई की मेशनिंग के लिए पत्र या मेल भेज कर आग्रह करें।

कानून बन चुका है वक्फ संशोधन विधेयक

वक्फ संशोधन विधेयक संसद के दोनों सदनों में पारित किया जा चुका है। लोकसभा में पारित होने के बाद अल्पसंख्यक मामलों के केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने गुरुवार को राज्यसभा में यह विधेयक पेश किया था। करीब 13 घंटे की चर्चा के बाद मंजूरी दे दी गई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को विधेयक को मंजूरी दे दी, जिसके बाद यह कानून बन गया।

लिलोंग में निषेधाज्ञा लागू

भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा की मणिपुर इकाई के अध्यक्ष मोहम्मद असकर अली के घर में आगजनी की घटना के बाद थौबल जिला प्रशासन ने सोमवार को पूरे लिलोंग विधानसभा क्षेत्र में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी है। जिलाधिकारी के जारी आदेश में पांच या उससे अधिक लोगों के इकट्ठा होने और लोगों के आग्नेयास्त्र, तलवार, लाठी, पत्थर या अन्य घातक हथियार ले जाने पर रोक लगा दी गई है।

मुरादनगर आर्डिनेंस फैक्ट्री की बढ़ाई गई सुरक्षा

धमकी भरे ई-मेल की जांच कर रही है प्रदेश स्तरीय सुरक्षा एजेंसी

बाहरी लोगों के प्रवेश पर रोक, पुलिस बल किया गया अलर्ट

गाजियाबाद, करंट क्राइम। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के देहात जोन अंतर्गत आने वाले मुरादनगर थानाक्षेत्र स्थित आयुध निर्माण को बम से उड़ने की धमकी दी गई है। ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के आधिकारिक ईमेल एड्रेस पर दोपहर करीब 1:00 संदेश भेजा गया, जिस संदेश में कहा गया था कि फैक्ट्री को बम से उड़ा दिया जाएगा। ऑर्डिनेंस फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा पूरे मामले की सूचना पुलिस को दी गई है। इसके बाद सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी। साथ ही ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के आसपास पुलिस द्वारा सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

मौके पर पहुंचे पुलिस के अधिकारी

करंट क्राइम : मामले की सूचना मिलते ही एसीपी मसूरी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और निरीक्षण किया। पुलिस द्वारा डॉग स्क्वाड और बम निरोधक दस्ते की मदद से भी फैक्ट्री परिसर की तलाशी की जा रही है। सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए फैक्ट्री परिसर में बाहरी लोगों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं पाया है कि मेल कहां से भेजा गया है। फिलहाल पुलिस आईपी एड्रेस ट्रैक कर रही है।

पुलिस कर रही है पूरे मामले की जांच

करंट क्राइम : इस पूरे मामले में पुलिस जांच कर रही है। साथ ही यह भी देखा जा रहा है कि यह किसी की शरारत तो नहीं है। आर्डिनेन्स फैक्ट्री मुरादनगर थाना क्षेत्र मुरादनगर से सूचना प्राप्त हुई कि ओएफएम की मेल आईडी पर एक किसी अन्य मेल आईडी से धमकी भरा मेल प्राप्त हुआ है। इस संबंध में थाने की पुलिस टीम, साइबर सेल, बीडीएस टीम एवं अन्य टीमें साक्ष्य संकलन की कार्रवाई कर रही है। इसके बाद में थाना पुलिस द्वारा तहरीर प्राप्त कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी। - लिपि नगायच, एसीपी मसूरी

अधिवक्ताओं पर दर्ज हो रहे हैं लगातार मुकदमे बार एसोसिएशन गाजियाबाद ने रखी हड़ताल

सोमवार को कार्य बहिष्कार पर रहे गाजियाबाद के अधिवक्ता

गाजियाबाद , करंट क्राइम। बार एसोसिएशन गाजियाबाद के नेतृत्व में सोमवार को गाजियाबाद के अधिवक्ता कार्य बहिष्कार पर रहे। बीते दिनों एक पूर्व बार अध्यक्ष और इसके बाद पूर्व बार सचिव पर गंभीर धाराओं में मुकदमा हुआ था। जिसको लेकर अधिवक्ताओं में नाराजगी थी। बार एसोसिएशन गाजियाबाद ने सोमवार को कार्य बहिष्कार का फैसला किया था, जिसके चलते गाजियाबाद कोर्ट और न्यायालय परिसर में कोई काम नहीं हुआ। उधर बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने जानकारी दी है कि केवल सोमवार को अधिवक्ताओं ने कार्य बहिष्कार किया, मंगलवार से बार एसोसिएशन गाजियाबाद और कचहरी का काम यथावत चलेगा।

फाईल फोटो

मंगलवार को होगा विधिवत कार्य

करंट क्राइम : बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने जानकारी दी है कि मंगलवार को बार एसोसिएशन और कचहरी में विधिवत कार्य होगा। उन्होंने कहा है कि बीते दिनों पुलिस द्वारा अधिवक्ताओं और बार के पूर्व पदाधिकारियों पर मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसको लेकर अधिवक्ताओं में नाराजगी थी और नाराजगी के चलते सोमवार को हड़ताल रखी गई।

सचिव पद के चुनाव को लेकर चल रहा है संघर्ष

करंट क्राइम: सोमवार को जहां बार एसोसिएशन गाजियाबाद और कचहरी ने हड़ताल रखी, तो वही 18 अप्रैल को सचिव पद के लिए पुन मतदान होने को लेकर तैयारी और प्रत्याशियों द्वारा अपने-अपने को विजय बनाने के प्रयास चल रहे हैं। बता दें कि लंबे समय से सचिव पद को लेकर संघर्ष और घमासान वाली स्थिति चल रही है। दोनों पक्ष कभी कोर्ट जाते हैं, तो कभी अन्य आदेशों को हवाला देकर चुनाव की प्रक्रिया में जुट जाते हैं।

15 दिनों में 50 से ज्यादा आईं अलग-अलग स्थानों पर आग लगने की फायर कॉल

राज नगर एक्सटेंशन के फार्म हाउस से लेकर साहिबाबाद की सोसाइटी और मोदीनगर की पेंट फैक्ट्री के साथ कई अन्य जगह और भी लगी है भीषण आग

शॉर्ट सर्किट और लापरवाही से हो रहे हैं अधिकतर भीषण अग्नि हादसे

गाजियाबाद, करंट क्राइम : अभी गर्मी ने ठीक से अपना असर भी नहीं दिखाया है बवाजूद इसके अभी से तापमान 35 से 38 डिग्री के बीच ही पहुंचा है, लेकिन आग लगने की घटनाओं में बीते 15 दिनों में तेजी से इजाफा देखने को मिला है।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार बीते 15 दिनों में पुलिस कमिश्नरेट के अलग-अलग फायर स्टेशनों में 50 से अधिक आग लगने की घटनाओं की जानकारी मिली है। जिसमें भीषण अग्नि हादसों से लेकर दीपक से आग और शॉर्ट सर्किट से हुए हादसों की जानकारी मिली है। गनीमत है कि बीते 15 दिनों के दौरान आग लगने से किसी की जान नहीं गई है लेकिन एक के बाद एक आग लगने के हादसे बता रहे हैं कि इस बार दमकल विभाग के साथ ही आम लोगों को भी अधिक अलर्ट रहने की आवश्यकता है। तापमान में बढ़ोत्तरी होने का असर सब सीधा-सीधे बिजली के उपकरणों और ट्रांसफार्मरों के ऊपर पड़ रहा है। जिससे अग्नि हादसों की संख्या बढ़ रही है। बीते 15 दिनों के दौरान पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत कई बड़े हादसे हुए हैं, जिसमें लाखों रुपए का नुकसान भी हुआ है। गनीमत रही कि इसमें किसी की जान नहीं गई। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल का कहना है कि अधिकांश अग्नि हादसे लापरवाही और शॉर्ट सर्किट की वजह से हो रहे हैं।

एयर कंडीशन को लेकर भी रहे अलर्ट

करंट क्राइम : गर्मियों के दिनों में सरकारी कार्यालय हो या निजी आवास, फ्लैट हो या दुकान यहां लगे एयर कंडीशन में आग लगने की संभावनाएं बढ़ जाती है। ऐसे में अग्निशमन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि कुछ सावधानी अपना कर बचाव किया जा सकता है। साथ ही बड़े अग्नि हादसे को भी टाला जा सकता है।

ज्वलनशील पदार्थों से सावधानी बरतें

करंट क्राइम : लोगों के घरों में सामान्य द्वार पर बहुत से ज्वलनशील पदार्थ होते हैं। जिनमें केरोसिन, पेट्रोल, डीजल और अन्य तरह की चीजें हो सकती है। जिन तक आग पहुंच सकती हो और घर में लाइटर, माचिस जैसे चीजें बच्चों की पहुंच से दूर रखें। अगर आप बीड़ी,सिगरेट पीते हैं, तो ध्यान से उनके बचे हुए टुकड़ों को बुझा कर फेक नहीं। तो इससे भी आग लगने का खतरा रहता है।

वाहनों में भी बढ़ गए हैं आग लगने के मामले

करंट क्राइम: अग्निशमन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बीते लगभग 15 दिनों के दौरान आधा दर्जन से अधिक वाहनों में चलते वक्त और हाईवे पर आग लगी है। गनीमत रही कि वाहन चालकों ने सक्रियता दिखाई और वह आग की चपेट में नहीं आए, उनकी जान को कोई नुकसान नहीं हुआ। वाहनों में आग लगने का शुरूआती कारण शॉर्ट सर्किट निकलकर आया है। तो इनमें पेट्रोल और सीएनजी दोनों प्रकार के वाहन शामिल हैं।

छोटी सी लापरवाही ले रही है बड़े हादसे का रूप



करंट क्राइम : मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल का कहना है कि गर्मी बढ़ चुकी है, तापमान बढ़ने के अग्नि हादसों में इजाफा हो जाता है। बीते एक सप्ताह के दौरान कई बड़े हादसे देखने को मिले हैं। जिसमें साहिबाबाद में शॉर्ट सर्किट के बाद एक साथ कई वाहनों में आग लगने से लाखों का नुकसान हुआ है। तो वही राज नगर एक्सटेंशन के फार्म हाउस में आग लगने से लाखों रुपए का नुकसान हुआ। वही साहिबाबाद के सेवियर पार्क सोसायटी के फ्लैट में आग लगने से अपरा तफरी मच गई थी। तो लोनी बॉर्डर इलाके में पूजा घर में रखे दीपक जलने से आग लगी और हजारों का माल स्वाहा हो गया। वहीं 30 मार्च को मोदीनगर की पेंट फैक्ट्री में भीषण आग लगी, जिसे बुझाने में दमकलकर्मियों को कई घंटे मशक्कत करनी पड़ी।

सम्राट चौक पर खड़ी कार में अचानक लगी आग, दमकल विभाग ने पाया काबू

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। थाना विजयनगर क्षेत्र के सम्राट चौक पर एक टाटा नैनो कार में अचानक आग लग गई। सड़क किनारे खड़ी कार में लगी आग को देखकर आसपास का यातायात रुक गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी। महबूब नामक व्यक्ति की सूचना पर कोतवाली फायर स्टेशन से दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची। दमकल विभाग के चीफ फायर ऑफिसर राहुल पाल के नेतृत्व में टीम ने हौज पाइप के जरिए आग पर काबू पाया। कार के मालिक संजय बंसल हैं। दमकल विभाग के अधिकारियों के अनुसार आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। इस घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। कार सड़क किनारे खड़ी होने की वजह से बड़ी दुर्घटना टल गई।

क्या हैं बचाव के उपाय :

नियमित सर्विसिंग : हर सीजन से पहले एसी की सफाई और चेकअप करवाएं।
सही वायरिंग : मानक केबल और सर्किट ब्रेकर का उपयोग करें।
लोड प्रबंधन : एक साथ कई उपकरणों को एक शाकेट से न चलाएं।
वेंटिलेशन : बाहरी यूनिट के आसपास हवा का प्रवाह सुनिश्चित करें।
अग्निशमन सुरक्षा : पास में अग्निशमक यंत्र रखें और धुआं डिटेक्टर लगाएं।
उपयोग में सावधानी : रातभर एसी न चलाएं, बीच-बीच में विराम दें।
अधिकृत सेवा : केवल प्रशिक्षित और अधिकृत कर्मियों से ही एसी लगवाएं।

मेट्रो में इस शख्स ने नियमों की उड़ाई धज्जियां

पहले पी शराब, फिर अंडा छीलकर खाया

नई दिल्ली। दिल्ली मेट्रो के अंदर से एक वायरल वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इससे पहले आपने डांस, फाइट और खुलम-खुल्ला प्यार के वीडियो देखे होंगे। लेकिन यहां एक शख्स डीएमआरसी के नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहा है। वायरल वीडियो में ये शख्स शराब के साथ अंडे खा रहा है। एक्स पर एक शख्स ने इस वीडियो को साझा किया है। वीडियो कब और किसी मेट्रो लाइन का है। इसके बारे में जानकारी नहीं मिली है। वीडियो में देखा जा सकता है कि पहले ये शख्स आरक्षित सीट पर बैठा हुआ है। जिसने पैंट और शर्ट पहन रखी है। सबसे पहले ये शख्स अपने बैग से अंडा निकालता है। अंडे को छीलने के लिए मेट्रो में पकड़ने वाले रॉड पाइप से अंडे को छीलता है। इसके बाद शराब का गिलास तैयार करता है। लेकिन इसके सामने बैठे किसी शख्स ने इसकी इस करतूत को कैमरे में कैद कर लिया। शराब और अंडा तैयार होने के बाद ये शख्स चाव से इसे खाता है। ये वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

पुलिस ने बुलडोजर रोका तो भड़के लोग

भाजपा जिलाध्यक्ष ने खुद सवार होकर निकलवाया

बरेली। बरेली के फरीदपुर में सोमवार को रामनवमी शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बुलडोजर को लेकर हंगामा हो गया। पुलिस ने नई परंपरा बताकर इसे रोका तो लोग भड़क गए और हंगामा करने लगे।

बरेली के फरीदपुर में रामनवमी शोभायात्रा के दौरान सोमवार को हंगामा हो गया। शोभायात्रा में शामिल बुलडोजर को नई परंपरा बताकर पुलिस ने रोक दिया, जिससे रामलीला कमेटी के लोग भड़क गए। आंवला के भाजपा जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह व कमेटी के लोगों की अफसरों से नोकझोंक हुई। काफी देर तक हंगामा होता रहा। आखिरकार पुलिस प्रशासन को झुकना पड़ा। बुलडोजर निकालने की सहमति पर मामला शांत हुआ।

नगर में आदर्श रामलीला कमेटी की ओर से रामनवमी शोभायात्रा निकाली जाती है। सोमवार को भाजपा जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह ने सीएस इंटर कॉलेज ग्राउंड से शोभायात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शोभायात्रा में कुछ लोग बुलडोजर पर सवार होकर निकले। यह देख पुलिस ने नई परंपरा बताकर उसे रोक दिया। इससे गुस्साए लोग स्टेशन रोड पर बैठ गए। बुलडोजर निकालने पर अड़ गए। सड़क पर झाकियां खड़ी कर दीं।

सूचना मिलते ही प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंच गया। भाजपा जिलाध्यक्ष आंवला आदेश प्रताप सिंह व कमेटी के लोगों की अफसरों से जमकर नोकझोंक हुई। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि वह खुद बुलडोजर पर सवार होकर शोभायात्रा के आगे चलेंगे। कोई विवाद नहीं होने देंगे। डेढ़ घंटे तक हंगामा होता रहा। बाद में बुलडोजर निकालने की सहमति पर मामला शांत हुआ। इसके बाद शोभायात्रा आगे बढ़ी। इस दौरान भारी फोर्स तैनात रहा।

सीडीएस ने दिया अंतरिक्ष संस्कृति विकसित करने पर जोर

नई दिल्ली। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने अंतरिक्ष संस्कृति विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मानवता एक ऐसे युग के मुहाने पर है जहां अंतरिक्ष युद्ध के एक नए क्षेत्र के रूप में उभर रहा है। इसलिए अंतरिक्ष संस्कृति को विकसित किया जाए। इसमें सिद्धांत, शोध और समर्पित युद्ध विद्यालय शामिल किए जाएं।

दिल्ली में भारतीय रक्षा अंतरिक्ष संगोष्ठी के तीसरे संस्करण के उद्घाटन के दौरान सीडीएस अनिल चौहान ने कहा कि भविष्य में सेनाओं के पास अपने स्वयं के अंतरिक्ष युद्ध विद्यालय भी होंगे। अतीत में समुद्री संस्कृति ने पुर्तगाली, स्पेनिश, अंग्रेजी या डच को दुनिया पर हावी किया। इसके बाद एयरोस्पेस संस्कृति ने अमेरिका और यूरोपीय देशों को हवाई क्षेत्र पर वर्चस्व स्थापित करने में मदद की। दोनों ही क्षेत्रों का युद्ध पर स्थायी प्रभाव है। सैन्य शक्ति वास्तव में इस विशेष संस्कृति के विकास और उस दिशा में क्षमताओं के निर्माण के इर्द-गिर्द केंद्रित थी।

उन्होंने कहा कि आज हम एक ऐसे युग के मुहाने पर हैं, जहां अंतरिक्ष युद्ध के एक नए क्षेत्र के रूप में उभर रहा है। यह युद्ध पर हावी होने जा रहा है। युद्ध के तीन प्राथमिक तत्व (भूमि, समुद्र, वायु) अंतरिक्ष पर निर्भर होंगे। उन्होंने कहा कि जब समुद्री क्षेत्र ने युद्ध का विस्तार किया तो युद्ध का परिणाम या तो समुद्री क्षेत्र में तय किया जा सकता था या इसका भूमि पर युद्ध पर बड़ा प्रभाव था।

जनरल ने कहा कि जब वायु शक्ति युद्ध लड़ने का एक प्रमुख साधन बन गई। इसमें या तो आप हवाई क्षेत्र में युद्ध का फैसला करते हैं या भूमि या समुद्री क्षेत्र पर युद्ध पर बड़ा प्रभाव डालते हैं। अब जब हम कहते हैं कि अंतरिक्ष इन तीन तत्वों पर प्रभाव डालने जा रहा है।

प्राधिकरण का प्रयास, राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र का चहुमुखी विकास

गाजियाबाद करंट क्राइम। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के राजनगर एक्सटेंशन में प्रस्तावित कमिश्नरेट ऑफिस के बगल से जोनल प्लान की जोनल रोड़ क्रमांक सी-4 है, जो 24 मी0 चौड़ी 435 मी0 लम्बी सड़क के निर्माण के लिए 5 अप्रैल को टी0एस0एस0 का कार्य कराया गया। ताकि मार्ग के अन्तर्गत पड़ने वाले किसानों के खसरे नम्बरों की भूमि को आपसी समझौते के आधार पर क्रय किया जा सके। प्रश्नगत मार्ग के बन जाने से दिल्ली को ओर से आने वाले लोगों को एक नया मार्ग मिल जाने से मेरठ चौराहे का जाम कम हो जायेगा। लोगों को अन्दर से ही अपने निवास स्थान में जाने का वैकल्पिक मार्ग मिल जायेगा।

यह मार्ग बाहर से आउटर रिंग रोड़ को भी जोड़ेगा, मार्ग के बनने से कई बहुमंजिली आवासीय सोसाईटी भी विकसित होगी, जिससे लोगों को आवास की भी सुविधा उपलब्ध होगी। इसी के साथ वंधा रोड़ से नूरनगर राजनगर एक्सटेंशन को जोड़ने वाली नई सड़क के निर्माण की दिशा में 18 मी0 एवं 24 मी0 चौड़ी सड़क के लिये किसानों से सहमति मांगी गई थी। सभी किसानों द्वारा सड़क निर्माण के दायरे में पड़नें वाली अपनी जमीन को आपसी सहमति के माध्यम से पूर्ण रूप से दिये जाने हेतु सहमति पत्र देते हुये सड़क निर्माण किये जाने में अपनी सहमति दी गई। इस प्रकार नूरनगर पहला एक ऐसा गॉव बन गया है। जो पहली बार में सभी किसानों ने अपनी पूर्ण सहमति देते हुये सड़क निर्माण में योगदान दिया गया। प्राधिकरण द्वारा अब इस सड़क का निर्माण किये जाने हेतु टेण्डर प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है, शीघ्र ही टेण्डर कराकर सडक निर्माण का कार्य आरंभ कराया जायेगा। इन सड़कों के निर्माण से प्राधिकरण को सड़को के निर्माण पर होने वाले व्यय की प्रतिपूर्ति करने में सहायता मिलेगी। एवं स्थानीय निवासियों को भी सुगम यातायात की सुविधा प्राप्त होगी तथा मेरठ तिराहे पर लगने वाले जाम से निजात मिल सकेगा। प्राधिकरण इस क्षेत्र के विकास के लिये सतत प्रयासरत है।

आईएमएस. गाजियाबाद यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस में हुआ हैकाथॉन- 2025 का आयोजन

गाजियाबाद करंट क्राइम। आईएमएस गाजियाबाद यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस में डिपार्टमेंट ऑफ कंप्यूटर साइंस के द्वारा हैकाथॉन- 2025 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पांच प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिनमें बग सेन्स, डीकोड एक्स, कोड रेड, क्वेरी क्वेस्ट एवं आईओटी वर्स प्रतियोगिताएं प्रमुख रहीं। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डॉ. पंकज दीक्षित (चीफ टेक्नोलॉजी अफसर,गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस),संस्थान की निदेशक डॉ. पूजा रस्तोगी एवं डॉ, गगन वार्ष्णेय (विभागाध्यक्ष, कंप्यूटर साइंस विभाग) द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर किया गया।

दिल्ली-एनसीआर के विभिन्न स्कूल एवं कॉलेजों के 400 से अधिक छात्र/छात्राओं ने प्रतियोगिताओं में अपना पंजीकरण करा कर भाग लिया। क्वेरी क्वेस्ट प्रतियोगिता में के आईईटी कॉलेज की शिप्रा उपाध्याय प्रथम स्थान पर रहीं। जबकि ऐकेजी कॉलेज की आयुषी पांडेय द्वितीय रहीं। तृतीया स्थान पर संस्कार स्कूल के प्रशांत तोमर रहे। डिकोड एक्स प्रतियोगिता में मंगलमय इंस्टिट्यूट के नमन वर्मा प्रथम, ऐकेजी कॉलेज की प्रकति वर्मा द्वितीय एवं आईएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज के बृजांशु चौहान तृतीय रहे। बग सेन्स प्रतियोगिता में आईएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज के पियूष पांडेय की टीम प्रथम एवं ऐकेजी कॉलेज के अनस खान की टीम द्वितीय रही। आईओटी वर्स प्रतियोगिता में के आईईटी कॉलेज की सोनम डोबरियाल की टीम प्रथम एवं एबीईएस कॉलेज के उत्कर्ष की टीम द्वितीय स्थान पर रही। कार्यक्रम के अंत में विजित छात्र- छात्राओं को नगद पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन प्रो. अर्चना गुप्ता द्वारा उपस्थित जनों का धन्यवाद कर किया गया।

एसडी पब्लिक स्कूल में हुआ उत्तर प्रदेश राज्य शूटिंग बाल चैंपियनशिप का आयोजन

गाजियाबाद करंट क्राइम। रविवार को एस.डी. पब्लिक स्कूल, राजनगर एक्सटेंशन में 44 वी सब जूनियर बालक एवं बालिका उत्तर प्रदेश राज्य शूटिंग बाल चैंपियनशिप (जोन 1) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सलाहकार कैबिनेट मंत्री जयंत चौधरी, शूटिंग बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष अंजुल अग्रवाल व वीरपाल मलिक ने की। कार्यक्रम की अध्यक्षता शूटिंग बॉल एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अजय प्रमुख ने की। बालक वर्ग में मेरठ ने गाजियाबाद को 21-19, 18- 21, 23- 21 से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। गाजियाबाद दूसरे स्थान पर तथा मुजफ्फरनगर जनपद तीसरे स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में गाजियाबाद ने मुजफ्फरनगर को 21-15, 21-18 से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया मुजफ्फरनगर द्वितीय तथा गाजियाबाद देहात तृतीय स्थान पर रहे। प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहने वाली टीम 44वीं सब जूनियर बालक एवं बालिका उत्तर प्रदेश राज्य शूटिंग बॉल चैंपियनशिप दिनांक 26 व 27 अप्रैल 2025 को वाराणसी में प्रतिभाग करेगी। शूटिंग बॉल फेडरेशन के फाउंडर चौधरी धर्मपाल सिंह ने विजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान किये। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोक दल के जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी, शूटिंग बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव जीत राज तोमर, साहिबाबाद पार्षद हिमांशु चौधरी, झंडापुर पार्षद भूपेंद्र भारद्वाज, संरक्षक चौधरी धर्मपाल सिंह, मदनपाल सिरोही, आर. के. पावर, गजेंद्र आर्य, वीरेंद्र इंडोलिया, अनुज राठी, गुलशन भामंबरी उपस्थित रहे ।

राज्यपाल बोस ने 17 विवि के कुलपतियों के लिए ममता की पसंद पर जताई आपत्ति

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने सुप्रीम कोर्ट को पत्र लिखकर राज्य के 17 सरकारी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सिफारिश पर आपत्ति जताई है। राजभवन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि राज्यपाल, जो सभी सरकारी विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति हैं, ने कुलपति पद के लिए उम्मीदवारों की सूची पर अपना विरोध शीर्ष अदालत को बताया, जिसमें उनकी पृष्ठभूमि की गहन समीक्षा की गई है।

राज्य सरकार ने 36 विश्वविद्यालयों में उप-कुलपति नियुक्ति के लिए नाम भेजे थे। इनमें से 19 नामों को राज्यपाल ने मंजूरी दे दी है, लेकिन बाकी 17 नामों पर उन्होंने सवाल उठाए हैं। उन्होंने इन नामों की पृष्ठभूमि, योग्यता और अन्य जानकारियों की गहराई से जांच की और कुछ विश्वसनीय स्रोतों से भी जानकारी मंगाई। जांच के बाद, राज्यपाल ने पाया।

महर्षि कश्यप जन्मोत्सव पर बच्चों को प्रशस्ति पत्र वितरित किए

गाजियाबाद करंट क्राइम। सोमवार को पिलखुवा नगर में कश्यप समाज संगठन ने महर्षि कश्यप जन्मोत्सव का आयोजन किया। इस अवसर पर महर्षि कश्यप के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कश्यप समाज के बच्चों को प्रशस्ति पत्र वितरित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर नगर पालिका सभासद/निवर्तमान मण्डल अध्यक्ष अंशुल मित्तल, मनोज हैडली, अमित कश्यप एवं कश्यप समाज संगठन के सम्मानित कार्यकर्ता, सम्मानित नागरिक गण उपस्थित रहे।

पुलिस हिरासत में मौत के मामले में पुलिसकर्मियों पर एफआईआर के निर्देश, बॉम्बे उच्च न्यायालय का आदेश

मुंबई । बॉम्बे उच्च न्यायालय ने बदलापुर पुलिस एनकाउंटर मामले में पांच पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। जस्टिस रेवती मोहिते डेरे और जस्टिस डॉ. नीला गोखले की खंडपीठ ने आदेश में कहा कि 'पुलिस मुठभेड़ की जांच की जानी चाहिए। मृतक के माता-पिता की गैरमौजूदगी में मामले को बंद करना आसान होता, लेकिन एक संवैधानिक अदालत एफआईआर दर्ज करने की अनिच्छा को नजरअंदाज नहीं कर सकती। इस तरह का आचरण जनता के विश्वास को कमजोर करता है। हम मूकदर्शक नहीं बने रह सकते।'जांच के लिए एसआईटी गठित करने का आदेश उच्च न्यायालय ने बदलापुर मामले की जांच के लिए मुंबई के संयुक्त पुलिस आयुक्त लखमी गौतम को एक एसआईटी गठित करने का आदेश दिया है। संयुक्त पुलिस आयुक्त को एसआईटी गठित करने के लिए अपनी पसंद के अधिकारियों का चयन करने की आजादी दी गई है और टीम का नेतृत्व एक डीसीपी करेंगे।

मोदी सरकार ने देश की स्वास्थ्य व्यवस्था को आईसीयू में पहुंचाया, केंद्र सरकार पर बरसे खरगे

नई दिल्ली । कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र सरकार पर देश की स्वास्थ्य व्यवस्था को बदहाल करने का आरोप लगाया है। विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक 2 मिनट 8 सेकेंड का वीडियो पोस्ट किया है। इसके साथ कांग्रेस अध्यक्ष ने लिखा, विश्व स्वास्थ्य दिवस पर ये जानना जरूरी है कि आखिर किस तरह मोदी सरकार ने देश की स्वास्थ्य व्यवस्था को आईसीयू में पहुंचाया है।

खरगे ने एक्स वीडियो पोस्ट कर कसा तंज

इस वीडियो की शुरूआत में लिखा गया है, 'दवाई, इलाज पर महंगाई की भाजपाई गोली।' इस वीडियो में मल्लिकार्जुन खरगे दावा किया है कि महंगे इलाज और कम सरकारी खर्च के आंकड़े सरकार के काम की गवाही दे रहे हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष की तरफ से पोस्ट किए गए वीडियो में दावा किया गया है कि, 5 साल से देश की चिकित्सा मुद्रास्फीति 14% रही, जिससे इलाज कराने का खर्च अधिक बढ़ गया। इस अप्रैल से 900 जरूरी दवाइयों के दमा बढ़े हैं। नीति आयोग की रिपोर्ट का हवाले देते हुए यह भी कहा गया है कि हर साल 10 करोड़ भारतीय महंगे इलाज की वजह से गरीबी की कगार पर पहुंच जाते हैं। इसके साथ ये भी कहा गया है कि, आम लोगों को स्वास्थ्य और जीवन बीमा के प्रीमियम पर 18% जीएसटी देना पड़ता है। उन्होंने चिकित्सा में उपयोग होने वाली आवश्यक वस्तुओं पर लगे जीएसटी की ओर इशारा किया, जिसमें मेडिकल ग्रेड ऑक्सीजन, सर्जिकल आइटम, पट्टियां, व्हीलचेयर और सैनिटरी नैपकिन पर 12 से 18% जीएसटी लगाया जाता है। एक साल में ही अस्पताल में होने वाले खर्च में 11.35% की बढ़त हुई है, जिनमें एंजियोप्लास्टी का खर्च दोगुना और किडनी ट्रांस्प्लांट का खर्च तीन गुना हो गया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 के तहत स्वास्थ्य के लिए जीडीपी का 2.5% खर्च होना था, लेकिन मोदी सरकार ने केवल 1.84% ही खर्च किया।

स्वास्थ्य मंत्रालय का बजट घटा- खरगे

उन्होंने केंद्र सरकार पर हमला करते हुए कहा कि स्वास्थ्य मंत्रालय का बजट पिछले पांच वर्षों में 42% कम हो गया है। उन्होंने खाली पदों की ओर इशारा करते हुए बताया कि भारत के 757 जिलों के 5,491 ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में लगभग 80% पद खाली पड़े हैं, जबकि अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में 55% पद खाली हैं। खरगे ने आरोप लगाया है।

वक्फ कानून के खिलाफ याचिकाओं की सुनवाई पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई सहमति, दीवानी विवादों पर 'सुप्रीम' निर्देश

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के जज को केरल हाईकोर्ट भेजने की सिफारिश की है। अब सरकार की मंजूरी का इंतजार है। देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता में कॉलेजियम की बीते महीने दो बैठकें हुईं और तीसरी बैठक बीती 3 अप्रैल को हुई। इन बैठकों में मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के जज सुश्रुत अरविंद धर्माधिकारी को केरल उच्च न्यायालय भेजने की सिफारिश की गई है। सुप्रीम कोर्ट की आधिकारिक वेबसाइट पर यह जानकारी दी गई है।

दीवानी विवादों को आपराधिक मामलों में बदलने की प्रथा गलत- सुप्रीम कोर्ट : सुप्रीम कोर्ट की मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने उत्तर प्रदेश में दीवानी मामले को आपराधिक मामले में बदलने की आलोचना की। मामला नागरिक विवाद से जुड़ा है, जिसे उत्तर प्रदेश पुलिस ने धोखाधड़ी के तहत दर्ज किया, जो आपराधिक मामला बन गया। सुप्रीम कोर्ट ने इस पर नाराजगी जताई और उत्तर प्रदेश पुलिस के डीजीपी और जांच अधिकारी से हलफनामा दायर करने को कहा है, जिसमें उन्हें बताना है कि सुप्रीम कोर्ट के पूर्व के आदेश का पालन क्यों नहीं किया गया।

वक्फ विधेयक के खिलाफ याचिकाओं की सुनवाई पर सुप्रीम कोर्ट ने सहमति जताई : सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर जल्द सुनवाई करने की सहमति जताई है। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने जमीयत उलमा- ए- हिंद की ओर से पक्ष रखने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की याचिकाओं को जल्द सुनने की बात पर सहमति दी है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि मैं आज दोपहर तक पत्र को देखता हूं फिर निर्णय लूंगा। इस मुद्दे से जुड़ी अन्य याचिकाएं पहले से भी दायर हैं।

अपनी याचिका में जमीयत उलमा- ए- हिंद ने कहा है कि इस कानून से सीधे हमारे देश की संविधान पर हमला किया जा रहा है। हमारे संविधान में सभी नागरिकों को समान अधिकार देने का प्रावधान है। इसके साथ हमें धार्मिक आजादी देने की भी बात कही गई है। जमात ने आगे कहा कि इस विधेयक से मुसलमानों की धार्मिक आजादी छीनने की कोशिश की गई है। हमने वक्फ संशोधन 2025 को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी है। जमात उलमा-ए-हिंद की राज्य इकाइयां भी अपने-अपने राज्यों के उच्च न्यायालयों में इस कानून के खिलाफ चुनौती देंगे।

दैनिक
करंट क्राइम
सिर्फ सच...
www.currentcrime.com
03 • नई दिल्ली। मंगलवार 08 अप्रैल -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

बोलता फोटो

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सड़क दुर्घटना घटे तो घटे! मगर चौराहे से नेताओं के होर्डिंग ना हटे! वैसे तो गाजियाबाद में राजनीतिक अरमानों को पूरा करने के लिए नगर निगम की ओर से कमर्शियल यूनीपोल की व्यवस्था की गई है। मगर लगाने वाले तो राजनीति सिद्ध करने के लिए जुगाड़ लगा ही लेते है। ये नजारा हापुड़ चुंगी चौराहे का है जहां पर स्थापित गोल चक्कर पर नेताओं ने अपने होर्डिंग लगाकर निशुल्क वाली प्रचार की हसरतों को पूरा किया है। मगर इस वजह से चौराहे की लाईटों पर खड़े वाहनों को सामने से आने वाले वाहनों की विजिबिलटी नहीं दिखती है। जिस वजह से किसी भी दुर्घटना की प्रबल संभावनाएं है। नगर निगम वाले ध्यान दें।

सपा वाले भी करेंगे इस बार भीमराव अंबेडकर का जगह-जगह सम्मान

आज से शुरू होकर 14 अप्रैल तक चलेगा सपा का अभियान

भाजपा और आरएसएस की बैठक के बाद सपा ने भी भीमराव अंबेडकर पर किया फोकस

गाजियाबाद, करंट क्राइम : राजनीति में विपक्षी दल एक दूसरे की क्रिया और प्रक्रिया पर बेहद नजर रखते हैं। तो वही एक पार्टी जिस लाइन को पकड़ती है, दूसरी पार्टी भी उसी लाइन पर चलने का काम करती है। बीते दिनों गाजियाबाद में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की एक प्रमुख बैठक हुई थी,उस बैठक में 14 अंबेडकर से संविधान रचयिता बाबा भीमराव अंबेडकर को लेकर नई योजना और रणनीति बनाई गई थी। तो उससे पहले समाजवादी पार्टी ने 8 अप्रैल से प्रदेश भर में स्वाभिमान स्वमान समारोह आयोजित करने का ऐलान कर दिया है। प्रदेश से जारी कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार को शास्त्री नगर में रहने वाले समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक प्रत्याशी गाजियाबाद विधानसभा सीट विशाल बर्मा के घर पर अंबेडकर जी की याद में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष के साथ पार्टी के पदाधिकारी भी शामिल होंगे।

भाजपा और सपा अंबेडकर को लेकर बना रही है चुनावी प्लान

करंट क्राइम : एक तरफ उत्तर प्रदेश कि भारतीय जनता पार्टी जहां 2027 को लेकर प्लानिंग में जुटी हुई है, तो समाजवादी पार्टी भी इस बार सत्ता में वापसी के लिए प्रयास कर रही है लेकिन दोनों ही पार्टी के केंद्र बिंदु में भीमराव अंबेडकर बसे हुए हैं। भारतीय जनता पार्टी ने जहां भीमराव अंबेडकर जी के नाम, सम्मान और तस्वीर को लेकर नई रणनीति बनाई है। तो समाजवादी पार्टी बीजेपी से पहले मैदान में उतर आई है और कार्यक्रमों की शुरूआत प्रदेश स्तर पर कर दी गई है।

चुनावी परिणाम बताएंगे किसको मिला कितना फायदा

करंट क्राइम : समाजवादी पार्टी इस अभियान को मंगलवार से शुरू कर रही है, तो भारतीय जनता पार्टी भी भीमराव अंबेडकर के जन्मदिन 14 अप्रैल से लेकर एक नई दिशा और दशा बदलने के लिए अंबेडकर को लेकर राजनीति शुरू करेगी। देखना होगा कि 2027 में होने वाले चुनाव में किस पार्टी को कितना लाभ मिलता है और अंबेडकर पॉलिटिक्स का कितना लाभ चुनावी वोटो में तब्दील होता है।

- क्यों कहा कहने वाले ने कि क्रांतिकारी युवा त्यागी ने यूं ही नहीं भरी है बाइक वाली हुंकार? कहने वाले ने कहा– इस हुंकार के पीछे पूरे गौरव से किसी ने खोपड़ा लगाकर डाला है विचार? कराया क्रांतिकारी को ये एहसास, ना जाने नामित वाली फाइल होगी कब पास? इसलिए तुम करो मोर्चा का प्रेजिडेंट बनने का प्रयास? इसलिए क्रांतिकारी त्यागी ने करा दिया मौका मिलते ही अपनी ताकत का एहसास?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि क्रांतिकारी त्यागी की बाइक रैली की बात को आप यूं ना खत्म करो? वो युवा नेता है बहुत ही सक्रिय? यूं आप इन पर सितम ना करो? आपने देखा कि किस तरह बाइक रैली का संयोजक बनकर उन्होंने सफल किया है प्रोग्राम? अगर आसपास की बाइक रैलियों का जिक्र करें तो संयोजक के तौर पर उसमें फर्स्ट दिख रहे हैं श्रीमान? उन्होंने इस रैली से कराया है इस बात का स्पष्ट एहसास? लेकर चलते हैं वो अपने साथ युवाओं का काफिला? बस इस बार कैसे ही कोई पूरी कर दे उनकी आस?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें ये तब पता चला कि मुराद पूरी करने वाले विधायक को उनके युवा समर्थक क्यों इतना चाहते हैं? हमारी इस बात की गुत्थी तब सुलझी, जब हमने देखा कि विधायक जी एक ही थाली में अपने प्रिय युवा साथियों के साथ खाना खाते हैं? हम थे एक सामाजिक कार्यक्रम में मौजूद? वहां पर विधायक जी के साथ दिख रहा था युवा अरोड़ा का वजूद? हमने देखा विधायक जी और युवा एक ही थाली में कर रहे थे खाना शेयर? यूं ही नहीं कोई विधायक जी से इतनी मोहब्बत करेगा? आखिर जब वो करते हैं अपने साथियों की इतनी केयर?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि क्रांतिकारी विधानसभा के बिग ब्रदर सौम्य मावी से जुदा हैं स्मॉल ब्रदर सौम्य मावी के अंदाज? हम देख रहे हैं वो पूरी ताकत से नजर आ रहे हैं क्रांतिकारी वालों के साथ? उन्होंने कहीं पर दिया है ये स्पष्ट संदेश? क्रांतिकारी विधायक के साथ है पूरी तरह से हमारा फेस? समापन की इस लड़ाई में हम हैं पूरी तरह उनके साथ? बस इससे ज्यादा नहीं प्रकट कर सकते हम अपने इस मामले में जज्बात?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि हम पहले ही मीडिया वाले चौधरी साहब को दे रहे थे संदेश? वो थोड़ा सा संभलकर चलें और फोटो सेशन वाले मामले से फिलहाल दूर ही रखें अपना फेस? बावजूद इसके उन्होंने नहीं मानी हमारी बात? हमने देखा आठ वर्ष वाले प्रोग्राम में जब वो ले रहे थे क्लिक–क्लिक का आनंद? तब हो गए उनसे प्रमुख चेहरे नाराज? उन्होंने दिया मौके पर ही उनको सीनियरिटी का ज्ञान? कहने वाले ने कहा– जो करना था वो कर चुके थे, दो चेहरे काम?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि संगठन में आने के शर्मा वकील साहब, शर्मा मास्टर जी कर रहे हैं प्रयास? सुना है दोनों के बीच में है बहुत ज्यादा अपनेपन का एहसास? दोनों ही एक ही एरिया में रहते हैं? दोनों हैं इस वक्त संगठन में आने के लिये बेकरार? मगर हम देख रहे हैं जैसे–जैसे गेम आगे बढ़ा है, दोनों शर्माओं में से एक शर्मा ने धीरे से खुद को कर लिया है अब सिस्टम से दूर? उन्हें करा दिया है किसी ने एहसास? कुछ नहीं होने वाला इसलिए ज्यादा मत करो अब खास होने का प्रयास?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि फिलहाल आप लिख सकते हो मेरी बात? मुराद पूरी करने वाले नगर से एक शर्मा जी मारेंगे महान वाली सिस्टम में मंत्री वाली एंट्री? सुना है काफी हद तक फाइनल हो गई है उनकी बात? सुना है इन शर्मा चेहरों को द यूनियन वालों का मिल रहा है भरपूर साथ? हम यहां तक भी ले सकते हैं गारंटी? पद कुछ भी मिले उनकी जरूर होगी टीम में एंट्री?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि हमारा भगवा पहलवान तक पहुंचा दो संदेश? संगठन की जगह वो अब मुशायरों में बिजी रखें अपना फेस? हम देख रहे हैं, ये लगातार पढ़ रहे हैं दर्द–ए–दिल की शायरी? अंदाज दिख रहे हैं फायरी? हमने देखा अब तो उनके बेस्ट फ्रेंड ने भी उनकी शायरी पर करना शुरू कर दिया है रिप्लाई? वाह–वाह की आवाजें हमें अब शहर विधानसभा से भी दे रही हैं सुनाई?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार से उठ रही है संगठन में आने की किसी प्रीत? सुना है कोई मित्तल जी फिर से जगा चुके हैं अपनी नव वाली मीत? सुना है भगवा योद्धा के साथ उनका है ओटीपी वाली क्लास लेने का इतिहास? पता चला है इसी के बूते ये कर रहे हैं टीम में आने का प्रयास? मगर इनकी किसी बात पर नहीं मिल सकता है इन्हें फेवर? कभी भी भगवा लोटस दिखा सकते हैं अपना तेवर?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि अगर वेस्टर्न वाले ठाकुर साहब का लगा वीटो तो भगवा योद्धा की टीम में जरूर आएगा नदिया पार के त्यागी जी का नाम? सुना है पहले भी त्यागी जी के ऊपर जितनी भी हुई है कृपा वेस्टर्न से ही निकला है उनके लिये पैगाम? कहने वाले ने कहा– इस बार भी वो देंगे सबको जोर का झटका धीरे से? कई बिरादरी के आभूषणों की चमक फीकी पड़ जाएगी इन वाले हीरे से?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

कई योजनाओं में कोषाध्यक्ष की पारी खेलने वाले संजीव गुप्ता को मिलेगा क्या प्रमुख टीम में स्थान

सौम्य व्यवहार के धनी संजीव गुप्ता का आएगा क्या टीम में नाम

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। राजनीति में कुछ लोग बेहद शांत भाव से काम करते हैं, शालीन तरीके से काम करते हैं और वो कभी डिमांड भी नहीं करते। ऐसे चेहरों में भाजपा महानगर टीम के कोषाध्यक्ष संजीव गुप्ता का भी नाम आता है। संजीव गुप्ता कई योजनाओं में भाजपा की टीम में कोषाध्यक्ष वाली पारी खेल चुके हैं। उनके बारे में कहा जाता है कि वो अशोक मोंगा से लेकर संजीव शर्मा तक की टीम में स्थाना बनाए रखने में सफल हुए हैं।

उसकी एक वजह ये भी है कि संजीव गुप्ता अपने व्यवहार से सामने वाले को कायल करते हैं, वो कभी भी अनावश्यक बहस में नहीं पड़ते और शालीन तरीके से अपनी बात रखते हैं। भाजपा का ये चेहरा क्या अन्य दायित्व ले पाएगा ये देखने की बात है। यहां फिर दोहरा दें कि संजीव गुप्ता एक ऐसा चेहरा हैं जो अलग-अलग अध्यक्षों के साथ टीम में कोषाध्यक्ष रहे हैं। क्या पार्टी इस बार इस चेहरे को महामंत्री वाले स्थान पर रखेगी।

मुख्यमंत्री से लेकर पूर्व राष्ट्रपति से हो चुके हैं सम्मानित

करंट क्राइम। संजीव गुप्ता भाजपा की राजनीति का एक ऐसा नाम हैं जो कभी किसी विवाद में खुद को इन्वॉल्व नहीं करते। आलोचना करने वालों से मुस्कराकर मिलते हैं। उनका व्यक्तित्व है कि हाल ही में उन्हें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सम्मानित किया और बीते दिनों उन्हें भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने सम्मानित किया। सम्मान की एक परंपरा और गाजियाबाद का यह सम्मानित चेहरा अब मुख्य टीम में मुख्य पद पर आना चाहिए, ऐसा उनके समर्थक कहते हैं।

धार्मिक आस्था से लेकर सामाजिक जिम्मेदारियों तक संजीव गुप्ता

करंट क्राइम। संजीव गुप्ता भाजपा की राजनीति में एक्टिव रहते हैं। दायित्व जो भी मिले उसे सहर्ष पूरा करते हैं। पार्टी के अनुशासित कार्यकर्ता हैं। बड़ी बात ये है कि इन सबके बीच वो धार्मिक आस्था से पूरा वास्ता रखते हैं। सपनावत में मां वैष्णो धाम की स्थापना की है। नवरात्र में यहां हर वर्ष मेला लगता है और लाखों श्रद्धालु आते हैं। अगर गाजियाबाद की बात करें तो इस्कॉन मंदिर से उनका पुराना नाता है। इतना ही नहीं क्षेत्र की प्रमुख रामलीला से लेकर हर छोटे-बड़े धार्मिक आयोजन में संजीव गुप्ता सहयोग करते हैं और खुद की भागीदारी भी प्रदर्शित करते हैं। धार्मिक अस्थाओं के साथ-साथ वो सामाजिक दायित्वों को लेकर भी एक्टिव रहते हैं। समाज के प्रति, राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन नहीं भूलते हैं।

क्या संजीव गुप्ता पर होगी सरकारी दायित्व वाली कृपा

करंट क्राइम। अगर प्रोफाइल की बात करें तो और यहां मैरिट की बात करें तो संजीव गुप्ता उस फ्रेम में फिट बैठते हैं जहां सरकारी कृपा होती है। पार्टी उन्हें बड़ा दायित्व दे सकती है। सरकारी कृपा से नवाज से सकती है। वो अपने प्रोफाइल कार्ड के साथ इस दावेदारी में फिट बैठते हैं। उत्तर प्रदेश में दूसरी पारी की सरकार में संजीव गुप्ता को सरकारी जिम्मेदारी से क्या पार्टी नवाजती है, यह देखने की बात है। कार्यकताओं के एक बड़े समूह का भी ये मानना है कि ऐसे चेहरों को सरकारी दायित्व से नवाजा जाना चाहिए। ऐसे चेहरों की कार्यशैली से सरकार का आम जनमानस के बीच सकारात्मक संदेश जाता है। वो अपनी कार्यशैली से, अपने व्यवहार से यह संदेश देने में कामयाब रहते हैं कि ह्यसबका साथ और सबका विकास होगा।

जिस विचार की खिल्ली उड़ाई जाती थी, उसकी विजय को हम आज अनुभव कर रहे हैं : बालेश्वर त्यागी



गाजियाबाद करंट क्राइम। आज से 45 वर्ष पूर्व भारतीय जनता पार्टी की स्थापना फिरोजशाह कोटला मैदान में हुई जिसका मै स्वयं प्रत्यक्ष दर्शी हूं। पार्टी की स्थापना की एक पृष्ठभूमि थी। 1977 में जनसंघ का विलय जनता पार्टी में हुआ था। विलय के अधिवेशन का भी मै गवाह हूं। उस विलय के सम्मेलन में अटल बिहारी वाजपेयी जी ने कहा था कि हम अपनी पार्टी समाप्त करके आए हैं। हम वापिसी के सारे रास्ते और पुलों को तोड़कर आए हैं। लेकिन तीन वर्ष में ही भारतीय जनता पार्टी के रूप जनसंघ की विरासत से जुड़े लोगों को भारतीय जनता पार्टी की स्थापना करनी पड़ी। जनता पार्टी के शासन द्वारा किए गए अच्छे कार्यों में अपने योगदान का श्रेय भाजपा नहीं

छोड़ना चाहती थी। इसका स्पष्ट प्रभाव पार्टी के नाम और झंडे में दिखता है। उस समय तो नीतियों में दिखता था इसलिए गांधीवादी समाजवाद की बात कही गई थी। ये अलग बात है कि आगे चलकर अटल बिहारी वाजपेयी जी को कहना पड़ा कि पता नहीं कार्यकर्ताओं के गले में गांधी अटक गया या समाजवाद अटक गया। इस संघर्ष पूर्ण यात्रा के बाद भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा दल है और केंद्र में तीसरी बार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार है। अनेक प्रदेशों में भी भाजपा की सरकारें हैं। ये एक सुखद उपलब्धि है। जो इस 45 वर्ष की इस यात्रा के सहयात्री नहीं हैं और आज सत्ता में हैं उनको जो आनंद है उससे ज्यादा आनंद उन लोगों को है जो इस 45 वर्ष की यात्रा के सहयात्री रहे हैं। वे लाल किले से अटल बिहारी वाजपेयी जी के भाषण के सपनो को लेकर जिए और आज उनके सपना का साकार होना गर्व का बड़ा कारण है। इसमें विचार सबसे महत्वपूर्ण है। जिस विचार की खिल्ली उड़ाई जाती थी। लोग कभी सत्ता में होने का विचार भी नहीं करते थे। आज उस विचार के अनुसार शासन का संचालन हो रहा है। विचार की इस विजय को हम अनुभव कर सकते हैं।

इस 45वर्ष की यात्रा में बहुत सारा लेकर चल रहे हैं, जिसे लेकर चल रहे हैं वह समृद्ध विरासत की पूंजी है। सत्ता जितना गौरव प्रदान करती है विरासत भी उतनी ही गर्व करने योग्य है। लेकिन कुछ पीछे छूटा भी है। जो छूटा है उसमें कुछ जरूर अनपेक्षित था। मोटीवेटर अक्सर कहते भी है कि यात्रा में जितना सामान कम होगा यात्रा उतनी ही सुगम होगी। यात्रा को सुगम बनाने के लिए छोड़ा गया अनपेक्षित ही कहा जाएगा। एक परिवर्तन जो स्पष्ट परिलक्षित होता है वह है कार्य संस्कृति में परिवर्तन। यात्रा के इस मोड पर पहुंचकर इसकी समीक्षा करने का साहस किसी में है ??

अक्सर कहते हैं कि कुछ पाने के लिए कुछ खोना भी पड़ता है। यह विचार पीछे छूट गए के मोह से मुक्त करता है। सत्ता और उसके माध्यम से किए गए कार्यों से प्राप्त उपलब्धि इतनी बड़ी है कि बहुत सारी बातें गौण लगती हैं। लेकिन जो पीछे छूट गया है वह इतना भी अर्थहीन नहीं है कि उसे चर्चा के योग्य भी नहीं है। उसकी चर्चा आज के दिन करना प्रासंगिक है। सामूहिक नेतृत्व, सतत संवाद जैसे विषय गौण हुए हैं। जीत बहुत महत्वपूर्ण हो गई है। सामाजिक समीकरण के नाम पर जातिवाद बढ़ा है। धन का प्रभाव बढ़ा है और साधना जैसे शब्द अर्थ खोते जा रहे हैं। अगर इस ओर भी ध्यान जाय तो शायद और बेहतर भविष्य हो सकता है।

1977 में जनसंघ का विलय जनता पार्टी में हुआ था। विलय के अधिवेशन का भी मै गवाह हूं। उस विलय के सम्मेलन में अटल बिहारी वाजपेयी जी ने कहा था कि हम अपनी पार्टी समाप्त करके आए हैं। हम वापिसी के सारे रास्ते और पुलों को तोड़कर आए हैं।

जो पीछे छूट गया है वह इतना भी अर्थहीन नहीं है कि उसे चर्चा के योग्य भी नहीं है। उसकी चर्चा आज के दिन करना प्रासंगिक है। सामूहिक नेतृत्व, सतत संवाद जैसे विषय गौण हुए हैं। जीत बहुत महत्वपूर्ण हो गई है। सामाजिक समीकरण के नाम पर जातिवाद बढ़ा है। धन का प्रभाव बढ़ा है और साधना जैसे शब्द अर्थ खोते जा रहे हैं। अगर इस ओर भी ध्यान जाय तो शायद और बेहतर भविष्य हो सकता है।

संपादकीय

कांग्रेस में कलह

कर्नाटक में सीएम सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम व कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डीके शिवकुमार के बीच का विवाद अभी भी जारी है, जो पार्टी के लिए सही नहीं है। इन दोनों नेताओं के बीच कलह की बात वक्त-वक्त पर सामने आती रही है और शीर्ष नेतृत्व अभी तक इसे सुलझाने में नाकाम रहा है। वर्चस्व की लड़ाई सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार का टकराव वर्चस्व की लड़ाई है। दोनों नेता राज्य संगठन पर अपनी पकड़ मजबूत करना चाहते हैं। ऐसा ही कुछ राजस्थान में भी देखने को मिला था, जहां आखिरकार पार्टी को सत्ता गंवानी पड़ी। बिल्कुल वही सब अब कर्नाटक में हो रहा है। यह बिल्कुल अप्रत्याशित स्थिति है, जहां सीएम और उनके मंत्री चाहते हैं कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अपने पद से इस्तीफा दे दें। जब इस तरह साफ-साफ दो गुट बन गए जाएं, तो न संगठन ठीक से चल सकता है और न सरकार। गुटबाजी का रोग कांग्रेस की इस समय केवल तीन राज्यों में सरकार है - कर्नाटक, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश। झारखंड और जम्मू-कश्मीर में वह सरकार का हिस्सा जरूर है, लेकिन जूनियर पार्टनर के रूप में। जहां पार्टी की अपनी सरकार है, वहां भी सब ठीक नहीं लग रहा। कर्नाटक की कहानी तो चल ही रही है, तेलंगाना और हिमाचल से भी गुटबाजी की खबरें आती रही हैं। हिमाचल में राज्यसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के नौ विधायकों ने क्रॉस वोटिंग कर दी थी और पार्टी के उम्मीदवार को हार मिली थी। केंद्रीय नेतृत्व की कमजोरी लोकसभा चुनाव में जब कांग्रेस ने 99 सीटें जीतीं, तो लगा कि पार्टी वापसी की राह पर है। लेकिन, एक के बाद एक विधानसभा चुनावों में हार ने उसे फिर बेपटरी कर दिया। उसने लोकसभा चुनाव से जो भी बढ़त कमाई थी, वह हरियाणा और महाराष्ट्र में मिली हार में खर्च हो गई। और इसके पीछे वजह रही गुटबाजी। दोनों राज्यों में स्पष्ट तौर पर पूरा संगठन बंटा नजर आ रहा था, पर केंद्रीय नेतृत्व सही वक्त पर कठोर फैसले लेने में नाकाम रहा।

स्थिति कमजोर पड़ी कांग्रेस के अंदर कलह का असर विपक्ष के बाकी दलों के साथ उसके रिश्तों और I.N.D.I.A. ब्लॉक में उसकी स्थिति पर भी पड़ रहा है। यूपी उपचुनाव और दिल्ली विधानसभा इलेक्शन, कहीं भी साथी दलों ने कांग्रेस को भाव नहीं दिया। यही हालात बिहार में भी दिख रहे हैं, जहां इसी साल चुनाव होना है। जब तक वह आपस की लड़ाई से बाहर नहीं निकलती, पार्टी का मजबूत स्थिति में आना मुश्किल है।

ट्रंप के टैरिफ लगाने का फैसला एशिया पर डाल रहा ज्यादा असर

नई दिल्ली। भारत में सोमवार को शेयर बाजार में भारी गिरावट देखी गई। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स पिछले बंद से 3000-4000 अंक नीचे रहा। वहीं, निफ्टी में भी करीब 1100 अंकों की गिरावट आई। बाजार विशेषज्ञों ने इस गिरावट के बारे में गुरुवार को ही चेतावनी जारी कर दी थी, जब ट्रंप ने दुनियाभर की कई बड़ी अर्थव्यवस्थाओं से आयात होने वाले अहम उत्पादों पर आयात शुल्क लगा दिया था। हालांकि, इसका असल असर सोमवार से दिखना शुरू हुआ है। सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि जापान से लेकर चीन तक, एशिया में सभी शेयर बाजारों में भारी बिकवाली का दौर देखा गया है।

पहले जानें- भारत पर कितना भीषण रहा है ट्रंप के टैरिफ का असर

बीएसई का सेंसेक्स ने सुबह खुलने के बाद सीधा 3900 से ज्यादा अंकों का गोता लगाया। यह पिछले बंद से करीब 5.22 फीसदी की गिरावट थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस दौरान भारत के शेयर बाजार से निवेशकों का करीब 20 लाख करोड़ रुपया साफ हो गया। हालांकि, दोपहर आते-आते सेंसेक्स थोड़ा संभला और यह गिरावट 3200 अंकों के करीब आती दिखी।

भारत के अलावा और किन देशों में मार्केट का रहा बुरा हाल

मार्केट विश्लेषकों ने पहले ही एलान किया था कि सोमवार का दिन ब्लैक मंडे हो सकता है। यानी इस दिन शेयर बाजार में भारी गिरावट दर्ज की जा सकती है। हुआ भी कुछ ऐसा ही। दुनिया में सबसे पहले खुलने वाले पूर्व में स्थित देशों (एशिया) में शेयर बाजार के खुलने के साथ ही बड़ी गिरावट दर्ज की गई। आलम यह रहा कि चीन के शंघाई से लेकर जापान के टोक्यो और ऑस्ट्रेलिया के सिडनी से लेकर दक्षिण कोरिया के शेयर बाजार तक में जबरदस्त बिकवाली का दौर देखा गया। बाजार में इस दिन को 'ब्लडबाथ' तक कहा गया है।

ट्रंप के टैरिफ का इतना बुरा असर क्यों

गौरतलब है कि एशिया के अधिकतर देश अहम उत्पादकों में रहे हैं। चीन से लेकर वियतनाम और भारत से लेकर बांग्लादेश तक की अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा देश में निर्मित उत्पादों के निर्यात पर निर्भर है। एशिया के अधिकतर देशों के लिए अमेरिका एक बड़ा मार्केट है। हालांकि, ट्रंप की तरफ से आयात शुल्क लगाने के फैसले से इन देशों के निर्यात पर असर पड़ने की संभावना है। दरअसल, अमेरिका जिन देशों से आयात करता रहा है, अब वहां के उत्पाद खरीदने के लिए अमेरिकी नागरिकों को ज्यादा कीमत चुकानी पड़ सकती है। इसकी वजह है बढ़े हुए आयात शुल्क, जो कि इनकी मूल कीमतों के ऊपर जुड़े हैं। ऐसे में एशिया के निर्यातक देशों पर टैरिफ का असर सबसे ज्यादा पड़ रहा है।

अमेरिकी वाणिज्य मंत्रालय में अंतरराष्ट्रीय व्यापार मामले के पूर्व उप मंत्री रहे फ्रैंक लाविन के मुताबिक, ट्रंप के टैरिफ का सबसे ज्यादा असर एशियाई बाजारों पर ही दिखने की संभावना है, क्योंकि यहां के बाजार अमेरिका को सबसे ज्यादा निर्यात करते हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि शेयर बाजारों पर पड़ने वाले इस नकारात्मक प्रभाव की खबरों के बावजूद डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार देर रात कहा कि बाजारों को 'दवा' लेने की जरूरत है।

शेयर बाजार में गिरावट पर कांग्रेस हमलावर

कहा- मोदी और ट्रंप अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाने में माहिर

नई दिल्ली। डोनाल्ड ट्रंप के जवाबी टैरिफ के बाद घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को बड़ी गिरावट हुई। सेंसेक्स और निफ्टी में 5 प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही। इसे लेकर कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप खुद को अच्छे दोस्त बताते हैं। दोनों ही अपनी अर्थव्यवस्थाओं को खुद ही नुकसान पहुंचाने में माहिर हैं। 8 नवंबर 2016 को नोटबंदी हुई थी। 2 अप्रैल 2025 को विचित्र जवाबी टैरिफ लगाए हैं। बाजार टैरिफ लगाने के तरीके पर पूर्वानुमानित प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के जवाबी टैरिफ के बाद शेयर बाजार में आई गिरावट को लेकर कांग्रेस ने हमला बोला है। कांग्रेस ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दोनों ही अपनी अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाने में माहिर हैं। बाजार भी अनुमान के मुताबिक टैरिफिंग तरीके से प्रतिक्रिया कर रहा है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप खुद को अच्छे दोस्त बताते हैं। दोनों ही अपनी अर्थव्यवस्थाओं को खुद ही नुकसान पहुंचाने में माहिर हैं।

शेयर बाजार में भारी गिरावट

डोनाल्ड ट्रंप के जवाबी टैरिफ से उपजी आशंकाओं और अमेरिकी बाजार की रिकॉर्ड गिरावट के बाद घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को बड़ी गिरावट हुई। सेंसेक्स और निफ्टी में 5 प्रतिशत से अधिक की गिरावट हुई। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 3,939.68 अंक यानी 5.22 फीसदी गिरकर 71,425.01 अंक पर खुला, जबकि निफ्टी 1,160.8 अंक यानी 5.06 फीसदी गिरकर 21,743.65 अंक पर आ गया। सेंसेक्स की सभी 30 शेयर लाल निशान पर कारोबार कर रहे थे। टाटा स्टील में 8 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई, उसके बाद टाटा मोटर्स में 7 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई।

सरकार ने पेट्रोल डीजल पर उत्पाद शुल्क में दो रुपये प्रति लीटर की वृद्धि

नई दिल्ली। सरकार ने सोमवार को पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 2-2 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी कर दी। यह फैसला वैश्विक तेल कीमतों में जारी उतार-चढ़ाव और ट्रंप प्रशासन की ओर से जवाबी टैरिफ के एलान के बीच लिया गया है। पेट्रोल-डीजल की नई कीमतें 8 अप्रैल से लागू होंगी। सरकार की ओर से एक आधिकारिक आदेश जारी कर इसकी जानकारी दी गई।

सरकार ने सोमवार को पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में दो-दो रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की है। आदेश में कहा गया है कि पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क बढ़ाकर 13 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 10 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है। हालांकि आदेश में यह नहीं बताया गया कि खुदरा कीमतों पर इसका क्या असर होगा, लेकिन उद्योग जगत के सूत्रों के अनुसार खुदरा कीमतों में बदलाव की संभावना नहीं है।

बढ़े हुए उत्पाद शुल्क को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कटौती के साथ समायोजित किए जाने की संभावना है, जो अंतरराष्ट्रीय तेल कीमतों में गिरावट के कारण जरूरी थी।

समझदारी से बाजार में उठाएं फायदा

चुनौतियों में छिपा है निवेश का सुनहरा मौका

नई दिल्ली। अमेरिका के प्रमुख देशों पर टैरिफ लगाने की घोषणा से दुनियाभर के शेयर बाजारों में दहशत का माहौल है। अमेरिका के इस कदम का असर सिर्फ बाजार पर ही नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था पर भी महसूस किया जा रहा है। जिन सेक्टरों की अमेरिका पर निर्भरता ज्यादा है, उन पर टैरिफ की ज्यादा मार पड़ी है। इनमें वाहन, टेक्सटाइल, आईटी और इंजीनियरिंग गुड्स जैसे क्षेत्र प्रमुख हैं। टाटा मोटर्स जैसी कंपनियों के शेयर पहले से ही दबाव में हैं, जो अगले कुछ हफ्तों तक बरकरार रह सकता है। ट्रंप प्रशासन की अगली नजर फार्मा और सेमीकंडक्टर क्षेत्र पर है। इससे बाजार में निवेशकों के बीच चिंता का माहौल और भी गहरा हुआ है।

अगली बैठक तक बना रहेगा दबाव

भारतीय बाजार पर दबाव तब तक बना रहेगा, जब तक भारत और अमेरिका के बीच टैरिफ को लेकर अगली बैठक नहीं होती, जो इसी महीने के अंत में संभावित है। बैठक में 26 फीसदी टैरिफ के असर को कम करने और द्विपक्षीय व्यापार समझौते को आगे बढ़ाने पर चर्चा होगी। मौजूदा स्थिति भारत के लिए चुनौतियों के साथ अवसर भी पैदा कर रही है।

घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत 50 रुपये बढ़कर 853 रुपये

नई दिल्ली। आम जनता को महंगाई के मोर्चे पर एक और झटका लगा है। एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों बढ़ गई हैं। घरेलू गैस सिलेंडर और उज्जवला योजना के तहत मिलने वाले सिलेंडर पर 50 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी हुई है। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को वितरण कंपनियों की ओर से रसोई गैस या एलपीजी की कीमत में 50 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी किए जाने का एलान किया। मंत्री ने कहा कि उज्ज्वला और सामान्य श्रेणी के ग्राहकों दोनों के लिए गैस की कीमत में इजाफा किया गया है। सामान्य उपभोक्ताओं के लिए 14.2 किलोग्राम वाले एलपीजी सिलेंडर की कीमत 803 रुपये से बढ़कर 853 रुपये हो जाएगी और उज्ज्वला योजना के तहत उपभोक्ताओं के लिए 14.2 किलोग्राम वाले सिलेंडर की कीमत 503 रुपये से बढ़कर 553 रुपये हो जाएगी। मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा, ₹एलपीजी के प्रति सिलेंडर की कीमत में 50 रुपये की वृद्धि होगी।

रोचक तथ्यों का करंट



- स्पेस में गुरुत्वाकर्षण न होने के कारण स्पेस यात्री भोजन पर नमक या मिर्च नहीं छिड़क सकते है। वे भोजन भी द्रव्य के रूप में लेते है, ऐसा इसलिए है क्योकीं सूखे भोजन हवा में तैरने लगेगें और इधर उधर टकराने के साथ ही स्पेस यात्री की आंख में भी घुस जाएगा। एक अंतरिक्ष यात्री के हेलमेट के अंदर, एक वेले पैच होता है जो एक स्क्रैचर के रूप में कार्य करता है।
- अगर आप अंतरिक्ष में जाते है तो आप गला घुटने की बजाए शरीर के फटने से पहले मर जाएगें क्योंकि वहाँ पर हवा का दबाब नही हैं।
- स्पेस में यदि धातु के दो टुकड़े एक दूसरे को स्पर्श कर लें तो वे स्थायी रूप से जुड़ जाते हैं।
- शनि के छल्ले ठोस नहीं हैं वे बर्फ, धूल और चट्टान के टुकड़े से बने होते हैं।
- सोवियत संघ द्वारा 4 अक्टूबर को विश्व का पहला सैटेलाइट-स्पूटेनिक फर्स्ट लॉन्च किया गया था। यह हर 98 मिनट में पृथ्वी का चक्कर लगा था।
- अंतरिक्ष में तैरता हुआ एक जलाशय है जिसमे दुनिया भर के समुद्र के पानी की तुलना में 140 ट्रिलियन गुना अधिक पानी है।

राशिफल

मेष: आज परिवारजनों के साथ समय सुखपूर्वक व्यतीत होगा। लंबे समय से चल रहा प्रॉपर्टी से जुड़ा विवाद सुलझेगा। क्रोध को अपने ऊपर हावी न होने दें।

वृष: आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यापार में जबरदस्त सफलता मिलेगी। कोई विशेष लाभ आपको मिल सकता है। साथ काम करने वालों से आपको खुशी मिलेगी।

मिथुन: आज व्यापारिक यात्राओं से बचें। आज घर के किसी काम की गति धीमी हो सकती है। इससे आपकी परेशानी थोड़ी बढ़ सकती है।

कर्क: आज का दिन परिवार के लोगों के साथ अच्छा बीतेगा। यह पुरानी यादों को दिमाग में जिंदा रखते हुए दोस्ती को पुनर्जीवित करने का समय है।

सिंह: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। परिवार पर ध्यान देंगे। घरेलू खर्चों में भी खूब धन खर्च होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

कन्या: आज अचानक धन लाभ होगा। आपकी कई योजनाएं समय से पूरी होंगी। परिवार में सभी खुश रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको जल्द ही सफलता मिलेगी।

तुला: आज मानसिक संतुलन बनाए रखें। करियर और प्रोफेशन के लिए समय सामान्य है। दोस्तों के साथ शाम बिताना तो दिलचस्प रहेगा ही।

वृश्चिक: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। व्यापारियों के लिए दिन बहुत ही खास रहेगा। आपके उत्पाद की मांग बढ़ेगी, जिससे आमदनी अच्छी होगी।

धनु: आज किसी कार्य के लिए बनाई गई योजना सफल होगी। इस राशि के साहित्य के क्षेत्र से जुड़े लोगों को कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी।

मकर: आज आप अपने जीवन को लेकर कुछ तनाव में रहेंगे। तनाव कम करने के लिए आपको अपने दोस्तों के साथ कहीं बाहर घूमने जाना चाहिए।

कुंभ: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। खर्चे जरूर होंगे लेकिन फिर भी अन्य दिनों की तुलना में कम ही होंगे। आमदनी में थोड़ी वृद्धि होगी।

मीन: आज आपको परिवार वालों का सहयोग प्राप्त होगा। आज आपको छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करने से बचना चाहिए। इससे आपको ही नुकसान हो सकता है।

चुटकुले

लड़की - क्या कर रहे हो?
लड़का - मच्छर मार रहा हूं।
लड़की - कितने मारे?
लड़का - पांच मारे। तीन फीमेल और दो मेल।
लड़की - कैसे पता चला कि मेल कौन है और फीमेल कौन?
लड़का - तीन आईने पर बैठे थे और दो बियर के पास।

एक औरत (दूसरी औरत से) - मेरे पास गाड़ी है, बंगला है, बैंक बैलेंस है, तेरे पास क्या है?
दूसरी औरत (बड़े ही शांत स्वर में) - मेरे पास 20 साल पहले शादी में सिलवाया हुआ सूट है, जो अभी तक मुझे फिट आता है।

08 04 2025 करंट क्राइम

सेलेब्रिटी जन्मदिन

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

आज के जन्मदिन

अल्लू अर्जुन
(अभिनेता)

युवराज भडाना

ध्रुव पंडित

शिवानी शर्मा

पूनम सिंह

विनोद कुमार

मिंटू गौतम

सुखजिंदर संधु

हिमांशु त्यागी

प्रिंस मिश्रा

सचिन शर्मा

शिवम शर्मा

साबारी

मुन्ना मिश्रा

अमित अग्निहोत्री

महेश वर्मा

संदीप खरबंदा

नीरज गोयल

रूपेश त्यागी

प्रदीप झां

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

लय हासिल करने उतरेंगी मुंबई और बेंगलुरु की टीमें

रोहित-कोहली और बुमराह पर रहेंगी नजरें

रोहित घुटने में चोट के कारण लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ पिछले मैच में नहीं खेल पाए थे। उनके अलावा मध्यक्रम से बल्लेबाज तिलक वर्मा अच्छी शुरूआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए हैं। यह देखना होगा कि रोहित आरसीबी के खिलाफ मैच के लिए फिट हो पाते हैं या नहीं।

मुंबई। आईपीएल 2025 का 20वां मुकाबला मुंबई इंडियंस (एमआई) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच सोमवार को खेला जाएगा। वानखेड़े में खेले जाने वाले इस मैच में मुंबई के सामने आरसीबी के गेंदबाजों की चुनौती होगी। दोनों टीमें जीत की पटरी पर लौटना चाहेंगी।

मुंबई के बल्लेबाज नहीं कर सके प्रभावित : पांच बार के चैंपियन मुंबई को अभी तक चार मैच में से तीन में पराजय का सामना करना पड़ा है। उसके बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं तथा अभी तक उसकी तरफ से सूर्यकुमार यादव और रेयान रिकेल्टन ही अर्धशतक लगा पाए हैं। यह आईपीएल में प्रति बल्लेबाज अर्धशतक लगाने के मामले में सबसे कम है। मुंबई के बल्लेबाजी में संघर्ष के केंद्र में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा हैं जो अभी तक कुछ खास योगदान नहीं दे पाए हैं।

रोहित पर रहेगी निगाह : रोहित घुटने में चोट के कारण लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ पिछले मैच में नहीं खेल पाए थे। उनके अलावा मध्यक्रम से बल्लेबाज तिलक वर्मा अच्छी शुरूआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए हैं। यह देखना होगा कि रोहित आरसीबी के खिलाफ मैच के लिए फिट हो पाते हैं या नहीं लेकिन मुंबई को जल्द से जल्द अपनी बल्लेबाजी में सुधार करना होगा। मुंबई की बल्लेबाजी अभी तक सूर्यकुमार पर निर्भर रही है जिन्होंने चार मैच में 177 रन बनाए हैं। सूर्यकुमार ने लखनऊ के खिलाफ अर्धशतक जमा कर अपनी टीम की उम्मीद जगा दी थी लेकिन तिलक वर्मा तेजी से रन नहीं बना पाए जिससे मुंबई को हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ कप्तान हार्दिक पांड्या के पांच विकेट के बावजूद मुंबई के गेंदबाज रन प्रवाह नहीं रोक पाए थे और इसके बाद उसके बल्लेबाज लक्ष्य हासिल करने में नाकाम रहे।

बुमराह की वापसी : मुंबई इंडियंस के लिए यह अच्छी खबर है कि उसे प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह आरसीबी के खिलाफ मैच से पहले टीम से जुड़ गए हैं और इस मैच में खेलते नजर आएंगे। मुंबई ने अभी तक अपनी एकमात्र जीत कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ वानखेड़े में हासिल की थी और उसके खिलाड़ी इस मैच से प्रेरणा लेने की कोशिश करेंगे।

विराट से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद : जहां तक आरसीबी का सवाल है तो उसकी टीम मुंबई की बल्लेबाजी की कमजोरी का फायदा उठाने की कोशिश करेगी। टीम को अपने स्टार बल्लेबाज विराट कोहली से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी जो केकेआर के खिलाफ 59 रन बनाने के बाद अपेक्षित योगदान नहीं दे पाए हैं। आरसीबी के पास बड़ा स्कोर बनाने के लिए कुशल बल्लेबाज हैं। फिल सॉल्ट और देवदत्त पडिक्कल जैसे बल्लेबाज उसे आक्रामकता प्रदान करते हैं जबकि कप्तान रजत पाटीदार भी बड़े शॉट खेलने में माहिर हैं। ऑस्ट्रेलिया के टिम डेविड ने आखिरी ओवरों में अच्छी बल्लेबाजी की है जो टीम के लिए अच्छा संकेत है।

आरसीबी का गेंदबाजी आक्रमण मजबूत : आरसीबी के पास जोश हेजलवुड और भुवनेश्वर कुमार के रूप में मजबूत तेज गेंदबाजी आक्रमण है लेकिन उसके स्पिनर अभी तक अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं।

टीम का सर्वश्रेष्ठ फील्डर ग्लेन फिलिप्स चोटिल, लेकिन उसे छोड़ ईशान किशन के साथ मजाक करते दिखे शुभमन, हुए ट्रोल

हैदराबाद। गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने रविवार को 43 गेंद में नाबाद 61 रन की पारी खेल अपनी टीम को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सात विकेट से जीत दिलाई। हालांकि, मैच का एक वाकया सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है और इस वजह से गिल ट्रोल हो गए हैं। उनके साथ सोशल मीडिया यूजर्स ने ईशान किशन को भी ट्रोल किया है। दरअसल, हैदराबाद की पारी के दौरान गुजरात के सर्वश्रेष्ठ फील्डर ग्लेन फिलिप्स चोटिल हो गए थे, लेकिन गिल उन्हें देखने की बजाय ईशान किशन के साथ हंसी-मजाक करते दिखे।

यह घटना हैदराबाद की पारी के दौरान छठे ओवर की है। तब ईशान ईशान बल्लेबाजी कर रहे थे। उन्होंने पॉइंट पर शॉट खेला और एक रन लिया। इसी कड़ी में जीटी के ग्लेन फिलिप्स थ्रो का प्रयास करते हुए जमीन पर गिर गए और उन्हें चोट लगी। फिजियो तुरंत उनके पास पहुंचे क्योंकि वह दर्द से कराहते हुए दिख रहे थे। तभी कैमरा गिल की ओर मुड़ा और वह किशन से बात करते हुए हंस रहे थे।

इस मामले को एक एक्स हैंडल द्वारा उठाया गया। कई अन्य सोशल मीडिया यूजर्स ने टिप्पणी की कि इस तरह की हरकत करना दोनों के लिए असंवेदनशील है।

हालांकि, बाद में जब गिल को एहसास हुआ कि फिलिप्स को ज्यादा चोट लगी है तो वह उनके पास पहुंचे। सोशल मीडिया यूजर्स ने यह भी कहा कि हो सकता है गिल को फिलिप्स की चोट की गंभीरता के बारे में पूरी जानकारी नहीं थी।

मैच में क्या हुआ?

मैच की बात करें तो गुजरात के गेंदबाजों ने पहले बल्लेबाजी कर रही सनराइजर्स हैदराबाद की टीम को 20 ओवर में आठ विकेट पर 152 रन ही बनाने दिया। सिराज ने चार विकेट झटके। इसके अलावा प्रसिद्ध कृष्णा और साई किशोर ने दो-दो विकेट लिए। हैदराबाद की ओर से नीतीश रेड्डी ने सबसे ज्यादा 31 रन बनाए, जबकि हेनरिक क्लासेन ने 27 रन की पारी खेली। कप्तान कमिंस ने नौ गेंद में नाबाद 22 रन बनाए।

जवाब में कप्तान शुभमन गिल (नाबाद 61 रन) के अर्धशतक और वाशिंगटन सुंदर (49 रन) के साथ उनकी तीसरे विकेट के लिए 56 गेंद में 90 रन की साझेदारी की बदौलत गुजरात ने लगातार तीसरी जीत दर्ज की। गिल और शेरफाने रदरफोर्ड (नाबाद 35 रन, 16 गेंद, छह चौके, एक छक्का) के बीच चौथे विकेट के लिए 21 गेंद में 47 रन की अटूट साझेदारी हुई।

गुजरात ने 16.4 ओवर में तीन विकेट पर 153 रन बनाकर जीत हासिल की। यह सनराइजर्स हैदराबाद की लगातार चौथी हार रही।

'तीनों विभाग में खराब प्रदर्शन किया', सनराइजर्स की लगातार चौथी हार के बाद कोच विटोरी ने तोड़ी चुप्पी

हैदराबाद। आईपीएल 2025 में सनराइजर्स हैदराबाद को रविवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। यह इस टीम की लगातार चौथी हार रही। हार के बाद कोच डेनियल विटोरी ने चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने कहा कि उनकी टीम ने तीनों विभाग में खराब प्रदर्शन किया है। विटोरी ने कहा कि अगर उनकी टीम को हार से उबरना है तो इसमें सुधार करना होगा।

सनराइजर्स की टीम आक्रामकता बरकरार नहीं रख पाई

पिछले साल बेहद आक्रामक खेल दिखाकर फाइनल में जगह बनाने वाली सनराइजर्स की टीम मौजूदा सत्र में आक्रामक फॉर्म बरकरार नहीं रख पाई है। टीम के शीर्ष तीन खिलाड़ियों ट्रेविस हेड, अभिषेक शर्मा और इशान किशन के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी है। विटोरी ने कहा, 'मुझे लगता है कि ड्रेसिंग रूम में मौजूद हर खिलाड़ी इसे समझता है कि पिछला चार मैच बिल्कुल भी करीबी नहीं रहा है।'

उन्होंने कहा, 'हमारे लिए चुनौती इससे उबर कर आगे बढ़ना है क्योंकि हर आईपीएल टीम किसी ना किसी चरण में हार का सामना करती है। अब हमारे पास टूर्नामेंट में अब तक बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे पंजाब के खिलाफ खेलने से पहले पांच दिन का ब्रेक है। हमें उस मैच के लिए तैयार रहना होगा।' विटोरी ने स्वीकार किया कि उनकी टीम ने अपने सर्वश्रेष्ठ से बहुत निचले स्तर का प्रदर्शन किया है। न्यूजीलैंड के इस पूर्व स्पिनर ने कहा, 'हम पिछले चार मैच में से किसी में भी अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के करीब नहीं पहुंच पाए। मुझे लगता है कि तीनों विभाग में ऐसा हुआ। हम क्षेत्ररक्षण में भी बहुत खराब रहे हैं। पंजाब के मैच से पहले हमें इस पर काम करना होगा।' वहीं सनराइजर्स के खिलाफ दो विकेट लेने वाले गुजरात के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने कहा, 'इससे मुझे अपना काम बेहतर तरीके से करने में मदद मिल रही है।' सिराज के बारे में प्रसिद्ध ने कहा, 'हमने साथ में शानदार सत्र बिताए हैं। जनवरी या फरवरी से उसने (सिराज) जो भी काम किया है उसका फायदा मिल रहा है। सब कुछ ठीक चल रहा है।'

'आराम से प्लीज...फिर से चोटिल मत कर देना', पोलार्ड ने बुमराह को गोद में उठाया तो मुंबई के फैंस डरे

प्रैक्टिस सेशन के दौरान बुमराह का जोरदारा स्वागत किया गया। मुंबई के गेंदबाजी कोच पोलार्ड ने इस दौरान बुमराह को गोद में उठा लिया। इससे फैंस डर गए।

मुंबई। मुंबई इंडियंस की टीम के लिए आईपीएल 2025 अब तक कुछ खास नहीं रहा है। टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही है। एमआई ने अब तक चार में से तीन मैच गंवाए हैं और अंक तालिका में आठवें स्थान पर मौजूद है। हालांकि, सोमवार को उनका सामना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से अपने घरेलू मैदान पर है और हार्दिक पांड्या की टीम चाहेगी कि चिर प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ जबरदस्त वापसी की जाए। मुंबई की टीम में स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की भी वापसी हो चुकी है और वह आज का मैच खेलते दिखेंगे। हालांकि, प्रैक्टिस सेशन के दौरान एक ऐसी घटना घटी जिसने मुंबई के फैंस को डरा कर रख दिया था। सोशल मीडिया पर इसको लेकर खूब मीम्स भी शेयर हो रहे हैं।

दरअसल, प्रैक्टिस सेशन के दौरान बुमराह का जोरदारा स्वागत किया गया। मुंबई के गेंदबाजी कोच पोलार्ड ने इस दौरान बुमराह को गोद में उठा लिया। इससे फैंस डर गए और वह सोशल मीडिया पर प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। बुमराह ने प्रैक्टिस सेशन में भी हिस्सा लिया और सभी खिलाड़ियों से मिले-जुले। उन्होंने रोहित शर्मा से बात की। साथ ही कप्तान हार्दिक पांड्या को गले भी लगाया। साथी तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट के साथ भी वह बातचीत करते दिखे। बुमराह ने यॉर्कर की भी प्रैक्टिस की और आरसीबी को उन्हें हल्के में न लेने की चेतावनी दी। वह मुख्य कोच महेला जयवर्धने के साथ गंभीर चर्चा करते भी नजर आए।

हैरी ब्रूक बने इंग्लैंड के कप्तान, बटलर की जगह संभालेगा जिम्मा

नई दिल्ली। इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज हैरी ब्रूक को टी20 अंतरराष्ट्रीय और वनडे टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। वह जोस बटलर की जगह टीम का नेतृत्व करेंगे। बटलर ने चैंपियंस ट्रॉफी में इंग्लैंड के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद अपना पद छोड़ दिया था। इंग्लैंड का प्रदर्शन चैंपियंस ट्रॉफी में काफी खराब रहा था और टीम सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गई थी।

अभिषेक के फिर फ्लॉप होने पर चिढ़ीं एसआरएच की मालकिन काव्या मारन

हैदराबाद। आईपीएल 2025 में रविवार को गुजरात टाइटंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को हरा दिया। हैदराबाद के बल्लेबाज एक बार फिर फ्लॉप साबित हुए। ट्रेविस हेड से लेकर अभिषेक शर्मा और ईशान किशन तक, नीतीश रेड्डी को छोड़कर कोई बल्लेबाज 25+ रन नहीं बना सका। यह सनराइजर्स की इस सीजन की लगातार चौथी हार रही। पिछले साल अपने प्रदर्शन से सभी का दिल जीतने वाली एसआरएच टीम की यह हालत देखकर हर कोई हैरान है। खुद टीम की मालकिन भी समझ नहीं पा रही हैं कि क्या हो रहा है। अब एक वीडियो सामने आया है, जिसमें अभिषेक के आउट होने पर वह चिढ़ीं हुई दिख रही हैं और प्रतिक्रिया दे रही हैं।

दरअसल, टूर्नामेंट शुरू होने से पहले कागजों पर सनराइजर्स हैदराबाद की टीम को सबसे मजबूत माना जा रहा था। हालांकि, टूर्नामेंट शुरू होने के बाद अलग ही कहानी दिख रही है। टीम का कोई भी बल्लेबाज फॉर्म में नजर नहीं आ रहा है। रविवार को गुजरात के खिलाफ हेड आठ रन, ईशान किश 17 रन, अभिषेक शर्मा 18 रन, अनिकेत वर्मा 18 रन, कामिंदु मेंडिस एक रन बनाकर आउट हुए। टीम के लिए सबसे ज्यादा रन नीतीश रेड्डी ने बनाए। उन्होंने 31 रन की पारी खेली।

केकेआर-लखनऊ के बीच मैच में नरेन और दिग्वेश के बीच होगा मुकाबला

कोलकाता। गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और लखनऊ सुपर जाएंट्स के बीच मंगलवार को आईपीएल 2025 का मुकाबला खेला जाएगा। आईपीएल में मंगलवार को दो मैच होंगे क्योंकि केकेआर और लखनऊ के बीच रविवार को खेले जाने वाला मुकाबला रिशेड्यूल कराना पड़ा था। इन दोनों टीमों के बीच मैच में सुनील नरेन और दिग्वेश राठी के बीच भी मुकाबला देखने मिलेगा।

नरेन के बड़े प्रशंसक हैं दिग्वेश

दिग्वेश केकेआर के अनुभवी ऑलराउंडर नरेन के बड़े प्रशंसक हैं, लेकिन यह दोनों एक दूसरे के खिलाफ खेलेंगे। यह देखना दिलचस्प होगा कि नरेन और दिग्वेश के बीच मुकाबले में कौन किस पर भारी पड़ता है। केकेआर और लखनऊ ने अब तक मिलाजुला प्रदर्शन किया है और दोनों ही टीमों ही टीम के अब तक दो-दो जीत से चार-चार अंक हैं। केकेआर और लखनऊ ने अपने पिछले मुकाबले जीते थे, इसलिए दोनों टीमें अपनी लय बरकरार रखने की कोशिश करेंगे।

वेंकटेश का फॉर्म में लौटने से केकेआर को मिली राहत

कोलकाता ने अपना पिछला मुकाबला इसी मैदान पर खेला था और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आसानी से जीत दर्ज की थी। इसलिए इस बात की संभावना कम ही है कि वह अपनी प्लेइंग-11 में कोई बदलाव करेगी। केकेआर के लिए राहत की बात यह है कि उसके सबसे महंगे खिलाड़ी वेंकटेश अय्यर फॉर्म में लौट आए हैं, जबकि रिंकू सिंह और कप्तान अजिंक्य रहाणे ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। युवा अंगकृष रघुवंशी ने भी प्रभावित किया। केकेआर के लिए हालांकि सलामी जोड़ी चिंता का विषय बनी हुई है। क्विंटन डिकॉक और सुनील नरेन पिछले सत्र में फिल सॉल्ट की तरह टीम को आक्रामक शुरूआत देने में नाकाम रहे हैं।

पंत का फॉर्म में लौटना जरूरी

लखनऊ के लिए चिंता की बात यह है कि उसके कप्तान ऋषभ पंत का बल्ला अभी तक नहीं चला है। पंत आईपीएल नीलामी में बिकने वाले सबसे महंगे खिलाड़ी हैं, लेकिन अब तक उस स्तर का प्रदर्शन नहीं कर सके हैं। लखनऊ भी प्लेइंग-11 में किसी तरह का बदलाव करेगी इसकी संभावना कम दिखाई देती है।

उसके पास आकाश दीप की जगह प्रिंस यादव को लेने का मौका है, लेकिन आकाश को ईडेन गार्डेंस पर खेलने का काफी अनुभव है, इसलिए टीम उन्हें बाहर रखने का जोखिम शायद ही लेगी।

इस मुकाबले के लिए दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग-11 इस प्रकार है...

कोलकाता नाइट राइडर्स: क्विंटन डिकॉक (विकेटकीपर), सुनील नरेन, अजिंक्य रहाणे (कप्तान), अंगकृष रघुवंशी, वेंकटेश अय्यर, रिंकू सिंह, आंद्रे रसेल, मोईन अली, रमनदीप सिंह, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती।

लखनऊ सुपर जाएंट्स: मिचेल स्टार्क, एडेन मार्करम, निकोलस पूरन, ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), आयुष बडोनी, डेविड मिलर, अब्दुल समद, शार्दुल ठाकुर, आकाश दीप, आवेश खान, दिग्वेश राठी।

केकेआर और लखनऊ के बीच आईपीएल 2025 मैच से जुड़ी सारी जानकारियां...

केकेआर और लखनऊ के बीच आईपीएल 2025 का मुकाबला कब खेला जाएगा?

केकेआर और लखनऊ के बीच आईपीएल 2025 का मुकाबला 08 अप्रैल यानी मंगलवार को खेला जाएगा।

केकेआर और लखनऊ के बीच आईपीएल 2025 का मुकाबला कहां खेला जाएगा?

केकेआर और लखनऊ के बीच आईपीएल 2025 का मुकाबला कोलकाता के ईडेन गार्डेंस स्टेडियम में खेला जाएगा।

केकेआर और लखनऊ के बीच आईपीएल 2025 का मुकाबला कब शुरू होगा?

केकेआर और लखनऊ के बीच आईपीएल 2025 का मुकाबला भारतीय समयानुसार दोपहर साढ़े तीन बजे शुरू होगा। टॉस इससे आधे घंटे पहले यानी दोपहर तीन बजे होगा।

केकेआर और लखनऊ के बीच आईपीएल 2025 का मुकाबला किस टीवी चैनल पर देख सकते हैं?

केकेआर और लखनऊ के बीच आईपीएल 2025 का मुकाबला स्टार स्पोर्ट्स के चैनलों पर देखा जा सकेगा।

गुजरात को जीत दिलाने के बाद सिराज ने तोड़ी चुप्पी

'चैंपियंस ट्रॉफी से मुझे क्यों ड्रॉप किया गया...'

हैदराबाद। आईपीएल 2025 में गुजरात टाइटंस को सनराइजर्स हैदराबाद पर जीत दिलाने के बाद मोहम्मद सिराज ने चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने कहा कि वह यह बात नहीं पचा पा रहे थे कि उन्हें चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए भारतीय टीम से कैसे ड्रॉप कर दिया गया। सिराज चैंपियंस ट्रॉफी में विजेता रही टीम में नहीं चुने गए थे। उन्हें स्टैंडबाय में रखा गया था। हालांकि, अब आईपीएल में उन्होंने अपने प्रदर्शन से आलोचकों को जवाब दिया है और साथ ही चयनकर्ताओं को दिखाया है कि उनमें काफी जान बाकी है। सिराज अभी तक आईपीएल 2025 में नौ विकेट ले चुके हैं और लिस्ट में दूसरे स्थान पर हैं।

हैदराबाद के खिलाफ रविवार को सिराज ने 17 रन देकर चार विकेट झटके और इसकी बदौलत गुजरात ने एसआरएच को 152 रन पर रोक दिया। फिर जीटी ने 17वें ओवर में तीन विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। सिराज को प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। मैच के बाद उन्होंने कहा, 'एक समय तो मैं इसे पचा नहीं पा रहा था कि चैंपियंस ट्रॉफी के लिए मैं कैसे नहीं चुना गया, लेकिन मैंने अपना उत्साह बनाए रखा और अपनी फिटनेस और खेल पर काम किया।'

सिराज ने कहा, 'मैं जो भी गलतियां कर रहा था, मैंने उन पर काम किया और मैं अपनी गेंदबाजी का आनंद ले रहा हूं। एक पेशेवर खिलाड़ी के तौर पर जब आप लगातार भारतीय टीम के साथ होते हैं तो आपके मन में संदेह पैदा होता है कि आप बाहर कैसे हुए।

हिंडन नदी के संरक्षण हेतु हिंडन मंथन कार्यक्रम का सफल आयोजन

वैज्ञानिक, शोधकर्ता और सामाजिक संगठन जुटे हिंडन नदी को बचाने के साझा संकल्प लें

गाजियाबाद करंट क्राइम। उत्थान समिति द्वारा आयोजित हिंडन मंथन, हिंडन महोत्सव 2025 के अंतर्गत जानकी भवन, कवि नगर, गाज़ियाबाद में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में देशभर से विख्यात पर्यावरणविद, वैज्ञानिक, सामाजिक कार्यकर्ता और नदी संरक्षण विशेषज्ञों ने भाग लिया और हिंडन नदी के पुनर्जीवन, प्रदूषण नियंत्रण और सतत विकास आधारित समाधानों पर गंभीर और ठोस विचार विमर्श किया।

कार्यक्रम की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि सभी उपस्थित वैज्ञानिकों, पर्यावरणविदों और सामाजिक संगठनों ने सामूहिक रूप से एक श्वेत पत्र तैयार किया।

इस दस्तावेज में हिंडन नदी की समस्याएं, कारण, समाधान, तकनीकी सुझाव और नीतिगत अनुशंसाएं विस्तार से शामिल की गई हैं। यह श्वेत पत्र राज्य व केंद्र सरकार को सौंपा जाएगा, ताकि इसे आधिकारिक नदी संरक्षण योजना में सम्मिलित किया जा सके और हिंडन नदी को पुनर्जीवित करने की दिशा में ठोस नीति बनाई जा सके।

हिंडन सिर्फ एक जलधारा नहीं, एक संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र है। इसे पुनर्जीवित करने के लिए हमें इसके

जीव-जंतुओं, वनस्पतियों और जलचक्र को समझकर समग्र दृष्टिकोण अपनाना होगा। नदियाँ भारतीय संस्कृति की आत्मा हैं।

जब तक लोग नदियों को केवल जल स्रोत समझते रहेंगे, तब तक संरक्षण अधूरा रहेगा। सांस्कृतिक पुनर्जागरण आवश्यक है। बिना योजना के शहरी विस्तार, कृषि में रासायनिक उर्वरकों का अत्यधिक प्रयोग और औद्योगिक गंदगी ने मिलकर हिंडन को बुरी तरह क्षतिग्रस्त किया है। हमें स्थानीय स्तर से समाधान खोजना होगा।

स्थानीय पौधों और जैव विविधता को पुनर्स्थापित करने से नदी का प्राकृतिक प्रवाह और जीवनचक्र वापस लाया जा सकता है। पारिस्थितिकी के साथ तालमेल आवश्यक है। गाजियाबाद व आसपास के इलाकों से निकलने वाला अपशिष्ट बिना ट्रीटमेंट के नदी में गिर रहा है। जब तक हम आधुनिक अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली में भागीदार बनाना जरूरी है। सामूहिक प्रयास ही स्थायी परिवर्तन ला सकता है। रिमोट सेंसिंग जैसे तकनीकी उपकरण नदी की निगरानी में बेहद मददगार हैं। हमें डेटा आधारित निर्णय लेने की दिशा में आगे बढ़ना होगा।

कार्यक्रम के अंत में सभी वक्ताओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। सभी अतिथियों ने इस आयोजन को हिंडन नदी के लिए एक नई शुरूआत बताया और इसे एक जनांदोलन बनाने की अपील की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अरुण त्यागी , नरेंद्र गुप्ता , महेश चौधरी , अवधेश कटियार , विनीत गोयल , मनोज अग्रवाल , अभिषेक सिंघल , मनोज मिश्रा , अंशुमान सिंह , प्रतीक माथुर , रीना सिंह , जितेंद्र सिंह, बबीता सिंह, लवलीन उपस्थित थे।

नदी कराह रही है : सत्येन्द्र सिंह

करंट क्राइम। यह श्वेत पत्र एक वैज्ञानिक, सामाजिक और नैतिक दृष्टिकोण से तैयार की गई नीति रूपरेखा है, जिसे सरकार तक पहुंचाकर हम हिंडन को बचाने की दिशा में ठोस कदम उठाना चाहते हैं। उत्थान समिति के अध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह ने कहा की हिण्डन को बचाने के लिए सभी संस्थाओं, सरकारी विभागों एवं जनता को मिलकर प्रयास करने होंगे तभी हिण्डन नदी को बचाया जा सकता है। हिण्डन सहारनपुर में जिस बरसनी झरने से निकलती है वहाँ का पानी भी हमने आज दिखाया की वहां का पानी इतना अधिक स्वच्छ है की उसमे मछलियाँ रह रही हैं और वहाँ रहने वाली वन गुर्जर आदिवासी जनजाति के लोग इसी जलधारा से अपना जीवन यापन कर रहे हैं वहीँ गाजियाबाद और नोएडा में इस नदी का पानी इतना अधिक दूषित है की इसमें बीओडी (बायो केमिकल ऑक्सीजन डिमांड) जीरो होने की वजह से इसमें जलीय जीव जंतु भी नहीं हैं। क्योंकि यह उनके रहने लायक नहीं बची है। गंदे नालों एवं अतिक्रमण ने नदी की यह हालत कर दी है की नदी कराह रही है। कार्यक्रम का शुभारंभ एक सशक्त नुक्कड़ नाटक से हुआ, जिसकी प्रस्तुति ने श्रोताओं को झकझोर कर रख दिया। इस नाटक में नदी को एक जीवित प्राणी के रूप में प्रस्तुत किया गया, जो वर्षों से उद्योगों के अपशिष्ट, घरेलू गंदगी और नीतिगत लापरवाही का शिकार रही है। कलाकारों ने जनसामान्य को यह संदेश दिया कि नदियों को बचाने की जिम्मेदारी सिर्फ सरकार की नहीं, बल्कि हम सबकी है।

ड्रोन सर्वेक्षण से पहली बार हिंडन की असली तस्वीर सामने

करंट क्राइम। उत्थान समिति और सेंटर फॉर वॉटर पीस के संयुक्त प्रयासों से किया गया ड्रोन सर्वेक्षण कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहा। इस सर्वेक्षण के माध्यम से हिंडन नदी के किनारों पर फैले बिना ट्रीटमेंट वाले नालों, औद्योगिक अपशिष्टों के प्रवाह और अतिक्रमण की वास्तविक स्थिति को दर्शार्या गया। सत्येन्द्र सिंह, अध्यक्ष, उत्थान समिति ने बताया, ड्रोन सर्वे से हमें एक दिशा मिली है तथा यह भी साफ हुआ है की हमें किस दिशा में और कैसे कार्य करना होगा ताकि हिण्डन को बचाया जा सके। ड्रोन तकनीक के माध्यम से हमें यह पता चला कि नदी किनारे दर्जनों ऐसे नाले हैं जो सीधे गंदा पानी बिना किसी शोधन के हिंडन में गिरा रहे हैं। यह जानकारी हमें कार्रवाई करने के लिए ठोस आधार देती है

साहिबाबाद सब्जी मंडी में अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम व्यापारियों का विरोध

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। साहिबाबाद स्थित नवीन मंडी में सोमवार को अतिक्रमण हटाने पहुंची प्रशासन की टीम का व्यापारियों ने विरोध किया। व्यापारियों के विरोध के बाद सिटी मजिस्ट्रेट संतोष उपाध्याय मौके पर पहुंचे। थाना लिंक रोड क्षेत्र की इस मंडी में सैकड़ों फल और सब्जी की दुकानें हैं। व्यापारियों के साथ करीब तीन घंटे तक बैठक चली। व्यापारियों का कहना था कि उन्होंने दुकानों के आगे माल को गर्मी और बरसात से बचाने के लिए शेड लगाए हैं। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देश पर मंडियों में चल रहे सभी अवैध अतिक्रमण हटाए जाएंगे। स्थाई या अस्थाई, सभी अतिक्रमण बुलडोजर से हटाए जाएंगे। कार्रवाई के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। व्यापारियों ने मंडी प्रशासन पर उत्पीड़न करने का आरोप लगाया, उन्होंने कहा आए दिन किसी न किसी रूप में व्यापारियों को परेशान किया जा रहा है। इसकी जांच उच्च अधिकारियों को करनी चाहिए, जिससे व्यापारियों का उत्पीड़न रुक सके। व्यापारी अनवर ने लिखित में भी शिकायत दी है कि व्यापारियों का कहना है कि किसी काम के लिए भी जो मंडी में बिना शुल्क दिए कोई काम नहीं हो रहा। व्यापारी गय्यूर ने कहा मेरे पिता हाफिज नूर की मृत्यु हो चुकी है 2 वर्ष पूर्व दुकान का मालिक हैसियत दर्ज करना चाहता हूं लेकिन मंडी प्रशासन लाइसेंस दर्ज करने के नाम पर अवैध वसूली की मांग कर रहे हैं उन्होंने लिखित में भी शिकायत की है। इस मौके पर वसीम सलीम चंद अख्तर शरीफ युसूफ असलम राजू रिजवान सेक्रेड व्यापारी मौजूद रहे।

शिप्रा सनसिटी फेज 2 एओए का चुनाव परिणाम घोषित उड़ान टीम के 9 सदस्य जीते

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। इंदिरापुरम के शिप्रा सनसिटी फेस-2 में रविवार को एओए के चुनाव हुए। उड़ान टीम ने 10 में से 9 सदस्यों जीते वही पहल टीम में 10 में से 1 ही जीत पाया। चुनाव में करीब 1146 वोट डाले गए थे। सुबह से ही सोसायटी में रहने वाले लोग वोट डालने के लिए घर से निकले। 4 बजे तक चली वोटिंग के बाद काउंटिंग शुरू हुई। पूरी रात वोटो की गिनती चली सुबह से समय नतीजे घोषित हुए। करीब दस सीटों पर लोगों ने वोट डाले। शाम छह बजे तक मतदान चला। दिनभर लोग वोटिंग करने पहुंचे। हालांकि वोटिंग 50% से अधिक रहा फिर भी लोगों ने वोट डालने में अपनी रुचि दिखाई। सोसायटी की महिलाएं वोट डालने में आगे रही। सोसायटी में कुल वोट 2150 के करीब हैं, जिनमें से करीब 1140 वोट चुनाव में पड़े।रविवार की सुबह चुनाव परिणाम घोषित हुआ। अभिषेक भदौरिया को सबसे ज्यादा मत मिले। दूसरे नंबर पर विजय पाल मलिक, तीसरे पर प्रीतम सिंह पवार चौथे पर मनु तिवारी व पांचवें पर राकेश गंगवार रहीं। सुषमा गंगवार छठवें निशा गुप्ता सातवें, सीपी बालियां आठवें, तपन वर्मा नौवें व अनुज कुमार अग्रवाल दसवें स्थान पर रहे। नगर मजिस्ट्रेट और पांच सदस्य समिति की देखरेख में चुनाव संपन्न हुआ। जिन लोगों ने जीत हासिल की है उनमें से अध्यक्ष चुना जाएगा। इसके साथ ही अन्य पदों पर भी पदाधिकारियों का चयन किया जाएगा।

नाईट राईडर्स चैम्पियनशिप-2 के लैग मैच का दूसरा मुकाबला हुआ

गाजियाबाद करंट क्राइम। रेड क्रिकेट ग्राउंड, ग्रेटर नोएडा में आयोजित नाईट राईडर्स चैम्पियनशिप-2 के लैग मैच का दूसरा मुकाबला एमएसआरटी फैसिलिटी वारियर्स और ब्राईटर विंग्स के बीच खेला गया। एमएसआरटी फैसिलिटी वारियर्स के कप्तान मुनेश शर्मा ने टॉस जीतकर ब्राईटर विंग्स को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। ब्राईटर विंग्स ने निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट खोकर 175 रन बनाए। जवाब में, एमएसआरटी फैसिलिटी वारियर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मात्र 14.4 ओवर में 2 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया और मुकाबला जीत लिया। एमएसआरटी टीम की स्पिन गेंदबाजी ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। पंकज गुप्ता ने 2 विकेट लिए, वहीं कप्तान मुनेश शर्मा ने अपनी धारदार गेंदबाजी से विपक्षी बल्लेबाजों की कमर तोड़ दी। टीम के सभी खिलाड़ियों का योगदान सराहनीय रहा। मैच में बेस्ट बॉलर मुनेश शर्मा और बेस्ट बैट्समैन एवं मैन ऑफ द मैच सोवेंद्र भाटी (37 गेंदों में 93 रन और 2 विकेट) रहे।

सम्मान

गाजियाबाद करंट क्राइम। राष्ट्रवाद के प्रति समर्पण भाव के भाजपा स्थापना के 45 वर्ष के पर्व पर महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक गोयल का सम्मान किया व आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उन्होंने वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक गोयल को मिठाई खिलाई।

दो जनरल स्टोर में लगी आग, फायर ब्रिगेड की 6 गाड़ियों ने पाया काबू, शॉर्ट सर्किट से हादसा

नोएडा (करंट क्राइम)। नोएडा के सेक्टर-49 में दो जनरल स्टोर की दुकान में आग लग गई। आग पहले एक दुकान में लगी। थोड़ी देर बाद उसने बगल वाली दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। इसके बाद तेजी से आग फैली। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर दमकल एक-एक करके छह गाड़ियों को भेजा गया।

करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग की वजह शॉट सर्किट हो सकती है। गनीमत रही कि आग फैली नहीं वरना बड़ा हादसा हो सकता था। दुकान का सामान जलकर राख आग दोपहर करीब दो बजे के आसपास लगी। आग लगते ही दुकान में रखा सामान जलने लगा। पंसारी का सामान होने की वजह से आग तेजी से फैली। गनीमत रही कि आग की चपेट में कोई आया नहीं। आग लगते ही बाजार में शोर शराबा मच गया। वहां मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। आस पास भी पानी का भारी छिड़काव किया गया।

ताकि आग फैले नहीं। पहले भी हो चुकी है आगजनी की घटना नोएडा में दो हफ्ते में चौथी बड़ी आग की घटना है। पहली ग्रेटर नोएडा में गर्ल्स हॉस्टल में आग लगी थी। जिसमें दो युवतियों ने कूदकर अपनी जान बचाई। वहीं दूसरी सेक्टर-18 के प्लाजा में आग लगी। यहां करीब 22 लोगों को चोट लगी थी। जिसमें तीन गंभीर रुप से घायल हुए। तीसरी आग बेहलोलपुर गांव में कबाड़ की दुकान और झुग्गियों में लगी। जिससे दर्जनों झुग्गियां जल गई। चौथी आग दो दुकानों में लगी। फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है। आग से दुकान के अंदर रखा लाखों का मॉल जलकर राख हो गया है। कोई जनहानि नहीं है।

पुलिस ने तीन वाहन चोर पकड़े इको कार को ही करते थे टारगेट

पुरानी गाड़ियों के कागज से बनाने थे दस्तावेज

नोएडा (करंट क्राइम)। नोएडा की थाना सेक्टर-58 पुलिस ने कार चोरी करने वाले एक संगठित गिरोह के तीन सदस्यों को पकड़ा है। ये गिरोह सिर्फ इको कार की चुराता था। ये पुरानी कंडम हो चुकी कारों के चेचिस नंबर, नंबर प्लेट और उनके दस्तावेज चोरी की गई कार से दस्तावेजों से बदल देते थे। इसके बाद कार को ठीक ठाक करके मोटे दाम पर बेचते थे या फिर उनके पार्टस बेचते थे। इनके पास से चोरी की दो इको कार , एक इको कार का इंजन और बड़ी मात्रा में स्क्रैप और फर्जी नंबर प्लेट बरामद की गई है। फर्जी दस्तावेज बनाकर बेचते थे कार एडीसीपी ने बताया कि पकड़े गए सदस्यों की पहचान दिनेश चौहान, वसीम रिजवी और आकिब हुई है। इनको थाना सेक्टर-58 क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में बताया कि हम तीनों कार चोरी करने वाले एक गिरोह का हिस्सा है। हम सिर्फ इको कार को टारगेट करते है। इको कार की चोरी करके उनके इंजन नंबर, चैचिस नंबर और नंबर प्लेट बदलकर फर्जी कागजात तैयार करते हैं। इन गाड़ियों को वे अच्छे दामों में बेच देते हैं या फिर कबाड़ में बेच देते हैं।

वसीम रिजवी ने बताया कि वह कबाड़ का काम भी करता है। कंडम गाड़ियों के कागजों का करते थे प्रयोग चोरी की गाड़ियों के पुर्जों को बदलने के लिए पुरानी कंडम गाड़ियों के ओरिजिनल कागजात और नंबरों का इस्तेमाल करता है। पूछताछ में बताया कि 16 मार्च को सेक्टर-55 नोएडा रोड से एक इको कार चोरी की थी। जिसे फर्जी नंबर प्लेट लगाकर बेचने की फिराक में थे। इसके अलावा सेक्टर-62 के ग्रीन बेल्ट क्षेत्र से दूसरी चोरी की इको कार भी बरामद की गई। जिसमें अन्य चोरी की गाड़ियों का स्क्रैप भरा था। इनका आपराधिक रिकार्ड खंगाला जा रहा है। साथ ही इनकी डेटा अन्य राज्यों के जनपदों को भेजा गया है। ताकि वहां से जानकारी मिल सके।

क्या जल्द ही लगेगा नए थाने का बोर्ड

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में वैसे तो कमिश्नरी सिस्टम बनने के बाद थानों की संख्या बढ़ाने और इसको एक रिकॉर्ड तक ले जाने का सपना देखा गया था लेकिन अभी यह अधूरा नजर आ रहा है। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले गाजियाबाद सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि 15 अगस्त से पहले पुलिस कमिश्नरेट वाले गाजियाबाद के सिस्टम में सिटी और नदिया पार में एक-एक थाने की शुरूआत हो सकती है। देखा जाएगा कि पहले कौन सा थाना खुलता है और उसका नाम क्या होगा। बता दें की पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम गाजियाबाद में वर्तमान में 25 स्थाई थाने और अन्य सेल चल रही हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के कार्यालयों में चर्चा है कि नया थाना बनेगा तो वह किस जोन में खुलेगा, किस सर्किल को जाएगा और कौन थ्री-स्टार कमान संभालेंगा। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि अभी लखनऊ वाला मामला लिस्ट को लेकर कब तबादला एक्सप्रेस रवाना की जाएगी, कुछ भी क्लियर नहीं है। वहीं कई कमिश्नरेट और जिले ऐसे भी हैं जहां शीर्ष अधिकारी अभी भी वहीं पर कमान संभाले हुए हैं। इसके साथ ही पश्चिम के कई जिले ऐसे भी हैं ,जहां पर कप्तान लंबी पारी के रिकॉर्ड बना रहे हैं। तो कई अन्य चचार्ए भी इन दिनों लखनऊ से लेकर दिल्ली के बीच चल रही है। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले गाजियाबाद सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि अगर सिटी में एक नया थाना शुरू हुआ, तो वह सबसे टेंशन वाले इलाके से सटा हुआ हो सकता है या फिर कमिश्नरेट के नए मुख्यालय के पास कोई नई जगह तलाशी जा सकती है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि सिटी और नदिया पार में बहुत जल्द ही नए थाने का बोर्ड लगा सकता है। तो उसको एक नई पहचान भी मिल सकती है। देखना यह भी होगा कि इस नई हॉट सीट पर किसको पोस्टिंग दी जाएगी। वहां चेहरा टू-स्टार होगा या वहां थ्री- स्टार यह भी बड़ा दिलचस्प रहेगा। पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में वर्तमान में थ्री-स्टार पर टू- स्टार भारी चल रहे हैं। कमिश्नरेट के 12 थानों पर इस समय टू-स्टारों का डंका बज रहा है। तो लाइन में और साइड लाइन चल रहे थ्री-स्टार परेशान चल रहे हैं। कुल मिलाकर आने वाले दिनों में जल्द ही तस्वीर साफ होगी कि कमिश्नरेट के किस जोन में नया थाना शुरू होता है और उसकी कमान किसके कंधों पर आती है। वैसे भी जब 45 थानों की तैयारी की गई थी, तो संख्या तो अभी आधे पर ही चल रही है।

पुलिस की सूझबूझ से बची एक जान

पारिवारिक कलह की वजह से रेलवे ट्रेक पर लेटे व्यक्ति को बचाया

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। गाजियाबाद के थाना मसूरी क्षेत्र में पुलिस की तत्परता से एक व्यक्ति की जान बच गई। अध्यात्मिक नगर रेलवे हाल्ट के पास एक 50 वर्षीय व्यक्ति ने ट्रेन के सामने लेटकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति रेलवे ट्रैक पर आत्महत्या करने जा रहा है। थाना मसूरी पुलिस और आरपीएफ तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने व्यक्ति को ट्रैक से उठाया और आरपीएफ ने ट्रेन को रुकवा दिया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम ताराचंद बताया। वह ग्राम दीनानाथ पूठी, थाना वेव सिटी का रहने वाला है। जांच में पता चला कि ताराचंद का पड़ोसी से विवाद हुआ था। इस विवाद के बाद उनके बच्चों ने उन्हें डांटा, जिससे वह इतने नाराज हो गए कि आत्महत्या करने का फैसला कर लिया। पुलिस ने ताराचंद को समझाया और उनके परिवार को सूचित किया। यह घटना पुलिस की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई का उदाहरण है, जिससे एक व्यक्ति की जान बच सकी। ट्रेन मुरादाबाद से दिल्ली की तरफ जा रही थी। व्यक्ति को पुलिस ने सही सलामत

बचा लिया है। जिस ट्रेन के लिए ताराचंद लेता था वह गोरखपुर से आनंद विहार के बीच चलने वाली सुपरफास्ट एक्सप्रेस है। पुलिस ने ताराचंद के परिवार को बुला लिया है पुलिस के मुताबिक अब ताराचंद की काउंसलिंग कराई जाएगी उसके बाद परिवार को सौंपा जाएगा।

जानकी सभागार में हुआ कवि सम्मेलन व मुशायरा

लगातार तीन घंटे शायरी का श्रोताओं ने लिया आनंद

गाजियाबाद करंट क्राइम। साहित्य प्रोत्साहन समिति की ओर से कवि नगर रामलीला मैदान के जानकी सभागार में आयोजित कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का गाजियाबाद और आसपास के काव्य प्रेमियों ने तीन घंटे तक आनंद लिया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ आईएएस अधिकारी नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के चेयरमैन संतोष यादव भी पूरे समय मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्व प्रसिद्ध शायर विजेंद्र सिंह परवाज ने की जबकि संचालन शायर राज कौशिक ने किया। गाजियाबाद में पहली बार पधारे फखरी मेरठी और सचिन अग्रवाल शालिनी (बरेली) खूब जमे। अंदाज देहलवी का अंदाज तो गजब ही रहा। कार्यक्रम की शुरूआत शानू बब्बन की सरस्वती वंदना से हुई।

इस कार्यक्रम में पृथ्वी सिंह कसाना, ललित जायसवाल और बिंदेश दीक्षित बॉबी ने अतिथियों और कवियों का स्वागत किया। श्रोताओं में पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी, पूर्व विधायक कृष्णवीर सिंह सिरोही, पूर्व मेयर आशु वर्मा, पिलखुवा नगर पालिका के अध्यक्ष विभु बंसल, दर्जा प्राप्त पूर्व राज्य मंत्री बलदेव राज शर्मा, राजनगर आर डब्ल्यू ए के अध्यक्ष दिनेश गोयल, पूर्व अध्यक्ष दीपक कांत गुप्ता, महासचिव विशंबर त्यागी, कोषाध्यक्ष प्रभाकर त्यागी, लायंस क्लब के पूर्व गवर्नर सुनील निगम, सुनीता छाबड़ा और राकेश छारिया प्रमुख रहे।

इस्राइल का गाजा में अस्पतालों के नजदीक हमला, पत्रकार समेत दो की मौत, कई घायल

गाजा। इस्राइल ने रविवार और सोमवार की मध्य रात्रि गाजा पर हवाई हमला किया। ये हमला अस्पतालों के नजदीक बने तंबुओं पर किया गया, जिसमें पत्रकार समेत दो लोगों की मौत हो गई। साथ ही इस हमले में नौ लोग घायल हुए हैं, जिनमें से छह पत्रकार बताए जा रहे हैं।

वहीं इस्राइल के एक अन्य हमले में 15 लोगों की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, गाजा में खान यूनिस अस्पताल के पास सुबह करीब दो बजे हमला हुआ, जिससे वहां लगे टेंट में आग लग गई।

युद्धविराम बातचीत रुकने के बाद इस्राइल ने तेज किए हमले : इस हमले में गाजा के एक स्थानीय टीवी चैनल के पत्रकार यूसुफ अल फाकवी समेत दो लोगों की मौत हो गई। इस हमले में छह अन्य पत्रकार घायल भी हुए। वहीं इस्राइली सेना ने कहा है कि उन्होंने हमास के ठिकानों को निशाना बनाया। इस्राइल ने हमास पर आरोप लगाया है कि उसके आतंकी घनी आबादी के बीच रहते हैं, जिसकी वजह से आम नागरिकों की जान जाती है।

इसके अलावा गाजा के दीर अल बलाह शहर के अल अक्सा अस्पताल के पास भी हमला हुआ, जिसमें तीन लोग घायल हुए। हमास के साथ बीते हफ्ते युद्धविराम बातचीत रुकने के बाद से इस्राइल द्वारा गाजा में हमले तेज कर दिए गए हैं। साथ ही इस्राइल ने गाजा में खाने, ईंधन और दवाइयों की सप्लाई भी रोक दी है।

अमेरिका दौरे पर इस्राइली पीएम

इस्राइल ने हमास द्वारा बचे हुए बंधकों की रिहाई न होने तक हमले जारी रखने की बात कही है। इस्राइल के हमलों में गाजा में 50 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। इस्राइल का दावा है कि उसके हमलों में हमास के 20 हजार से ज्यादा आतंकी मारे गए हैं। हालांकि इस्राइल ने अपने दावे के पक्ष में कोई सबूत नहीं दिया है। सोमवार को इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू अमेरिकी दौरे पर जा रहे हैं। जहां उनकी मुलाकात राष्ट्रपति ट्रंप से होगी। दोनों नेताओं के बीच गाजा को लेकर अहम बातचीत हो सकती है।

'चीन से पेंसिल खरीदने के लिए तो खरबों डॉलर नहीं गंवाएंगे', ट्रंप का तीखा तंज

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा बीते दिनों चीन समेत दुनिया के कई देशों पर पारस्परिक टैरिफ लगाने का एलान किया गया था। इसके जवाब में चीन ने भी अमेरिका पर भारी भरकम टैरिफ लगाने का एलान कर दिया है। इसे लेकर जब ट्रंप से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि हमारा चीन के साथ व्यापार घाटा है और उसे खत्म करने के लिए ही टैरिफ लगाने का फैसला लिया गया है।

ट्रंप ने चीन पर कसा तीखा तंज

मीडिया से बातचीत में ट्रंप ने कहा कि 'अमेरिका के टैरिफ लगाने से चीन को बड़ा झटका लगा है। सभी जानते हैं कि हम सही हैं। हम खरबों डॉलर की बात कर रहे हैं और हम सिर्फ पेंसिल खरीदने के लिए तो खरबों डॉलर नहीं गंवाएंगे।' टैरिफ लगाए जाने के बाद शेयर बाजारों में आ रही गिरावट पर ट्रंप ने कहा कि उन्हें पहले से ही इसका अनुमान था, लेकिन उनका मानना है कि इससे अमेरिका और मजबूत होगा और वैश्विक अर्थव्यवस्था में उसका दबदबा और बढ़ेगा। ट्रंप ने कहा कि 'वह नहीं चाहते कि दुनियाभर के बाजारों में गिरावट आए, लेकिन मैं इसे लेकर चिंतित नहीं हूं। कई बार आपको चीजों को सही करने के लिए दवाई लेनी पड़ती है।'

ट्रंप ने कहा कि 'पूर्व की सरकारों ने हमारे व्यापार, नौकरियां और पैसे को दूसरे देशों में जाने दिया। वे मेक्सिको, कनाडा और कई चीन चले गए, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा।' उन्होंने कहा कि 'हमारे साथ कई देशों ने गलत व्यवहार किया, लेकिन पूर्व की बेवकूफ सरकारें ऐसा होने देती रहीं।' बता दें कि ट्रंप के कई देशों पर टैरिफ लगाने के चलते वैश्विक अर्थव्यवस्था पर इसका असर पड़ा है। अमेरिकी शेयर बाजार में भारी गिरावट देखी गई है, जिसके असर से एशियाई और दुनिया भर के शेयर बाजारों में गिरावट आई है।

रूस यूक्रेन युद्धविराम को लेकर ये बोले ट्रंप

ट्रंप ने कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच युद्धविराम समझौते पर बातचीत चल रही है।

अमेरिका पर जवाबी टैरिफ नहीं लगाएगा ताइवान

ताइपे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पारस्परिक टैरिफ के विरोध में तमाम देश जवाबी टैरिफ लगा रहे हैं। लेकिन ताइवान ने ऐसा कुछ नहीं करने वाला है। ताइवान ने कहा कि हम अमेरिका की ओर से लगाए गए 32 फीसदी टैरिफ के जवाब में पांच सूत्रीय रणनीति पर काम करेंगे। ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने कहा कि हम अमेरिका पर जवाबी टैरिफ नहीं लगाएंगे।

राष्ट्रपति लाई चिंग ते ने कहा कि पांच सूत्रीय कार्यक्रम के तहत हमारी पहली रणनीति बातचीत के माध्यम से पारस्परिक टैरिफ दरों में सुधार के लिए हर संभव प्रयास करने की है। दूसरी रणनीति प्रभावित घरेलू उद्योगों के लिए सहायता योजना अपनाना, तीसरी रणनीति मध्यम और दीर्घकालिक आर्थिक विकास योजनाएं अपनाना, चौथी रणनीति नई ताइवान प्लस अमेरिका योजना बनाना और पांचवी रणनीति में औद्योगिक दौरे शुरू करना है। राष्ट्रपति लाई ने कहा कि सरकार और नागरिक समाज ताइवान की अर्थव्यवस्था के लिए व्यापक रास्ता खोलने के लिए कार्यकारी युआन द्वारा उठाए जाने वाले कदमों का समर्थन करने के लिए मिलकर काम करेंगे।

उन्होंने कहा कि टैरिफ का बड़ा प्रभाव पड़ेगा। ताइवान एक निर्यात आधारित अर्थव्यवस्था है। इसलिए देश खतरे को सुरक्षा में बदलने के लिए सावधानीपूर्वक आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि पिछले साल ताइवान का अमेरिका को निर्यात 111.4 अरब अमेरिकी डॉलर का था, जो कुल निर्यात मूल्य का 23.4 प्रतिशत था। जबकि दुनिया भर में बेचे जाने वाले उत्पादों का 75 प्रतिशत से अधिक हिस्सा अमेरिका के अलावा अन्य देशों को बेचा गया।

राष्ट्रपति ने कहा कि अमेरिका को बेचे जाने वाले उत्पादों में आईसीटी उत्पादों और इलेक्ट्रॉनिक घटकों का हिस्सा 65.4 प्रतिशत था। इससे पता चलता है कि ताइवान की अर्थव्यवस्था में अभी भी काफी लचीलापन है। जब तक हमारी प्रतिक्रिया रणनीति उचित हैं और सार्वजनिक व निजी क्षेत्र मिलकर काम करते हैं, तो हम प्रभावों को कम कर सकते हैं। इसलिए घबराने की जरूरत नहीं है।

ये हैं पांच रणनीतियां : राष्ट्रपति लाई चिंग ते ने कहा कि ताइवान की जवाबी टैरिफ अपनाने की कोई योजना नहीं है। पांच सूत्री रणनीति की व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा कि पहली रणनीति पांच तरीकों का उपयोग करते हुए वार्ता के माध्यम से पारस्परिक टैरिफ दरों में सुधार करने का प्रयास करने के बारे में है। दूसरी डंप किए गए माल के अवैध ट्रांसशिपमेंट से संबंधित है। इससे प्रभावित उद्योगों को समय पर और आवश्यक समर्थन और सहायता मिलेगी।

तीसरी रणनीति में राष्ट्रपति ने मध्यम और दीर्घकालिक आर्थिक विकास योजनाओं को अपनाने की बात कही। इसके तहत सरकार मित्रों और सहयोगियों के साथ सक्रिय रूप से सहयोग करेगी। अलग-अलग बाजारों का विकास करेगी।

खैबर पख्तूनख्वा में घुसपैठ की कोशिश नाकाम

पाकिस्तानी सेना ने आठ आतंकियों को मार गिराया, चार घायल

पेशावर। पाकिस्तानी सेना ने अफगानिस्तान की सीमा से खैबर पख्तूनख्वा में घुसपैठ की कोशिश कर रहे आठ आतंकियों को मार गिराया। जबकि चार आतंकी घायल हो गए। आतंकी प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के बताए जा रहे हैं।

पिछले एक साल में पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में आतंकी गतिविधियों में बढ़ोतरी देखी गई है। सेना की मीडिया सेल ने बताया कि पांच-छह अप्रैल की रात को पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा से घुसपैठ की कोशिश कर रहे ख्वारिज के एक समूह (आतंकियों) को उत्तरी वजीरिस्तान के हसन खेल के सामान्य क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने पकड़ा। इस दौरान भीषण गोलीबारी में आठ आतंकी मारे गए और चार अन्य घायल हो गए।

पाकिस्तान की इंटर सर्विस पब्लिक रिलेशन ने कहा कि पाकिस्तान लगातार अफगान सरकार से सीमा के अपने हिस्से पर प्रभावी सीमा प्रबंध करने के लिए कह रहा है। उम्मीद है कि काबुल अपने दायित्वों को पूरा करेगा और टीटीपी द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ आतंकी कृत्यों को अंजाम देने के लिए अफगान धरती के इस्तेमाल को नकार देगा।

आईएसपीआर ने कहा कि पाकिस्तान के सुरक्षा बल अपनी सीमाओं को सुरक्षित रखने और देश से आतंक के खतरे को मिटाने के लिए संकल्पित हैं। सेना ने कहा कि क्षेत्र में पाए जाने वाले किसी भी आतंकियों को खत्म करने के लिए अभियान भी चलाया जा रहा है।

पिछले महीने मारे गए थे 16 आतंकी

मार्च में अफगानिस्तान से पाकिस्तान में घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे कम से कम 16 आतंकवादियों को सुरक्षा बलों ने मार गिराया था। इससे पहले पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने खैबर पख्तूनख्वा में फ्रंटियर कॉर्प्स कैंप के चेकपोस्ट पर आतंकी हमले को नाकाम कर दिया और 10 आतंकवादियों को मार गिराया था।

आतंकी हमलों में हुआ इजाफा

पाकिस्तान में पिछले महीने आतंकी हमलों में इजाफा हुआ है। पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर कॉन्फ्लिक्ट एंड सिक्योरिटी स्टडीज (ढक्करर) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, मार्च में देश में आतंकी हिंसा और सुरक्षा अभियान तेज हो गए और नवंबर 2014 के बाद पहली बार आतंकी हमलों की संख्या 100 को पार कर गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि खैबर पख्तूनख्वा में 206 लोग मारे गए, जिनमें 49 सुरक्षाकर्मी, 34 नागरिक और 123 आतंकी शामिल हैं। जबकि 115 घायल हुए, जिनमें 63 सुरक्षाकर्मी और 49 नागरिक शामिल हैं।

वैश्विक आतंकवाद सूचकांक 2025 में पाकिस्तान दूसरे स्थान पर है, जहां आतंकी हमलों में मौतों की संख्या पिछले वर्ष की तुलना में 45 प्रतिशत बढ़कर 1,081 हो गई है।

जापान में हादसा : समुद्र में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त; तीन की मौत, तीन को बचाया

टोक्यो। जापान के दक्षिण-पश्चिमी इलाके में एक मेडिकल ट्रांसपोर्ट हेलीकॉप्टर समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में मरीज और दो अन्य लोगों की मौत हो गई। जापान के तट रक्षक की ओर से जारी बयान में कहा गया कि हादसे के बाद तीन लोगों की जान बचाने में कामयाबी हासिल हुई है। जिनकी जान बचाई गई, उनमें पायलट हिरोशी हमादा (66), हेलीकॉप्टर मैकेनिक काजुतो योशिताके और एक 28 साल की नर्स सकुरा कुनीताके शामिल हैं।

मृतकों और जिंदा बचे लोगों की पहचान हुई : जानकारी के मुताबिक, तट रक्षक ने उन्हें तब बचाया, जब वे पानी में लाइफसेवर से चिपके हुए पाए गए। तीनों को हाइपोथर्मिया हुआ था, लेकिन वे होश में थे। हादसे में मेडिकल डॉक्टर केई अरकावा (34), 86 साल के मरीज मित्सुकी मोटोइशी और उनकी देखभाल करने वाले 68 साल के काजुयोशी मोटोइशी की मौत हो गई। उनके शव बाद में जापान एयर सेल्फ डिफेंस फोर्स के हेलीकॉप्टर के जरिए तलाशी अभियान चलाकर बरामद किए गए।

लिस्बन पहुंचीं मुर्मू, 27 साल बाद किसी भारतीय राष्ट्रपति का पहला पुर्तगाल दौरा

लिस्बन। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रविवार रात (स्थानीय समयानुसार) पुर्तगाल की राजधानी लिस्बन पहुंचीं। यह पुर्तगाल और स्लोवाकिया की उनकी 7 से 10 अप्रैल तक की चार दिन की राजकीय यात्रा की शुरूआत है। मुर्मू यह दौरा पुर्तगाल के राष्ट्रपति मासेलो रेबेलो डी सूसा के निमंत्रण पर कर रही हैं। यह यात्रा 27 साल बाद हो रही है। इससे पहले 1998 में तत्कालीन राष्ट्रपति के. आर. नारायणन ने पुर्तगाल की राजकीय यात्रा की थी।

भारतीय राष्ट्रपति का 29 साल बाद स्लोवाकिया दौरा : 9 से 10 अप्रैल को राष्ट्रपति मुर्मू स्लोवाकिया में रहेंगी। यह यात्रा स्लोवाकिया के राष्ट्रपति पीटर पेल्लेग्रिनी के निमंत्रण पर हो रही है।

पिछले 29 वर्षों में किसी भारतीय राष्ट्रपति की यह पहली स्लोवाकिया यात्रा होगी।

राष्ट्रपति मुर्मू के दौरे पर क्या बोला विदेश मंत्रालय : इससे पहले, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने रविवार को एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पुर्तगाल और स्लोवाक गणराज्य की राजकीय यात्रा के लिए प्रस्थान किया। पिछले 25 वर्षों से ज्यादा समय बाद भारत की राष्ट्रपति की इन दोनों देशों में पहली राजकीय यात्रा है।'

भारत-पुर्तगाल राजनयिक संबंधों के पचास साल : विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) तन्मय लाल ने कहा, यह यात्रा भारत के इन दोनों अहम यूरोपीय साझेदारों के साथ बहुआयामी सहयोग को और विस्तार देगी। उन्होंने इसे महत्वपूर्ण ऐतिहासिक यात्रा बताया। पुर्तगाल यात्रा के बारे में जानकारी साझा करते हुए सचिव तन्मय लाल ने कहा कि राष्ट्रपति की यात्रा ऐतिहासिक बन जाती है क्योंकि भारत और पुर्तगाल इस समय अपने राजनयिक संबंधों के 50 साल पूरे कर रहे हैं।

अमेरिका में कई दिनों की बारिश के बाद बाढ़ का खतरा, तूफान में हो चुकी है 18 लोगों की मौत

वाशिंगटन। अमेरिका के दक्षिणी और मध्य पश्चिमी इलाके पहले से ही बाढ़ से जूझ रहे हैं। अब कई दिनों से हो रही भारी बारिश से नदियों का जलस्तर बढ़ गया है और इससे बाढ़ की स्थिति और खराब हो गई है। इससे उन समुदायों पर खतरा बढ़ गया है, जो पहले से ही भारी बारिश और आंधी के कारण परेशान है। बता दें कि तूफान और बारिश से अमेरिका के दक्षिणी और मध्य पश्चिमी इलाकों में कम से कम 18 लोगों की मौत हो चुकी है।

लोगों के घरों में भरा पानी

अर्कांसस, टेनेसी और केंटकी सबसे ज्यादा प्रभावित इलाके हैं और यहां लोगों के घरों में पानी घुस गया है और सड़कें जलमग्न हो गई हैं। केंटकी के फ्रैंकफर्ट में सड़कों पर नाव चलती दिखाई दी। केंटकी नदी का जलस्तर खतरनाक स्तर तक बढ़ गया है।

रविवार को नदी का जलस्तर 47 फीट तक बढ़ गया।

फ्रैंकफर्ट शहर के मेयर ने बताया कि शहर की दीवार 51 फीट तक ऊंची बाढ़ का सामना करने के लिए डिजाइन की गई है। अलबामा, जॉर्जिया और फ्लोरिडा में रविवार को पूरे दिन बारिश और तूफान की चेतावनी जारी की गई है। इससे लोगों में डर का माहौल है।

तूफान में अब तक 18 की मौत : बुधवार से शुरू हुए तूफान और बारिश में अब तक 18 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें से

10 लोगों की मौत टेनेसी में हुई है। मिसौरी में एक स्वयंसेवी फायर फाइटर की भी एक दुर्घटना में मौत हो गई। केंटकी में पांच लोगों की जान गई है। राष्ट्रीय मौसम सेवा का कहना है कि कई राज्यों में बाढ़ आने का खतरा है। पहले से ही बाढ़ झेल रहे इलाकों में बुनियादी ढांचे को व्यापक नुकसान हुआ है।

मौसम विज्ञानियों का कहना है कि भारी बारिश और बाढ़ के लिए गर्म तापमान, अस्थिर वातावरण और खाड़ी से आने वाली नमी है।

'चीजों को सही करने के लिए दवाई देनी पड़ती है', विरोध के बावजूद ट्रंप का पीछे हटने से इनकार

वाशिंगटन। राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने टैरिफ लगाने के फैसले को वापस लेने से साफ मना कर दिया है। गौरतलब है कि ट्रंप के टैरिफ लगाने के बाद दुनियाभर के बाजारों में अस्थिरता का माहौल है और देश में भी उनका विरोध शुरू हो गया है। हालांकि ट्रंप ने अपने फैसले से पीछे हटने से मना कर दिया है और कहा है कि कभी कभी चीजों को सही करने के लिए दवाई देने की जरूरत पड़ती है।

'कई देश हमारे साथ समझौता करना चाहते हैं'

अपने आधिकारिक विमान एयरफोर्स वन में मीडिया के साथ बातचीत में ट्रंप ने कहा कि 'वह नहीं चाहते कि दुनियाभर के बाजारों में गिरावट आए, लेकिन मैं इसे लेकर चिंतित नहीं हूं। कई बार आपको चीजों को सही करने के लिए दवाई लेनी पड़ती है।' वहीं ट्रंप प्रशासन के अधिकारियों का कहना है कि टैरिफ लगाने का असर दिखने लगा है और 50 से ज्यादा देशों के प्रतिनिधियों ने बातचीत की इच्छा जाहिर की है। ट्रंप ने कहा कि 'मैंने यूरोपीय, एशियाई, पूरी दुनिया के कई नेताओं से बात की है, वे हमारे साथ समझौता करना चाहते हैं, लेकिन अब हम व्यापार घाटा नहीं सहेंगे और हमने ये बात उन्हें साफ बता दी है।'

पूरी दुनिया के बाजारों में अस्थिरता का माहौल : ट्रंप द्वारा विभिन्न देशों पर लगाए टैरिफ 9 अप्रैल से लागू हो जाएंगे। अर्थशास्त्रियों का कहना है कि टैरिफ लागू होने के साथ ही नए आर्थिक युग की भी शुरूआत हो सकती है। अमेरिका की वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा कि गलत तरीके से व्यापार करना सही नहीं है और हम देखेंगे कि विभिन्न देश में हमें क्या ऑफर करते हैं, उसके बाद हम आगे का फैसला करेंगे। उन्होंने कहा कि कोई मंदी नहीं आएगी। बाजार एक दो दिन टैरिफ को लेकर प्रतिक्रिया देगा, लेकिन हमारी कोशिश है कि हम लंबे समय के लिए आर्थिक संबंध बनाएं। ट्रंप भी टैरिफ के मुद्दे पर हो रहे विरोध को लेकर सचेत हैं। रविवार को सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में उन्होंने लिखा कि 'हमारी जीत होगा, लेकिन तब तक हिम्मत बनाए रखें। ये आसान बिल्कुल नहीं होगा।' ट्रंप ने अपनी कैबिनेट के मंत्रियों को अधिकारियों को भी निर्देश दिया है कि वे टैरिफ लगाने के सरकार के फैसले का बचाव करें और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर पड़ने के दावे को खारिज करें।

ट्रंप ने अमेरिका के सहयोगी देशों पर भी टैरिफ लगाए हैं, जिनमें इस्राइल पर भी 17 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया है। सोमवार को इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू, व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति ट्रंप से मुलाकात करेंगे। माना जा रहा है कि गाजा युद्ध के अलावा टैरिफ को लेकर भी दोनों देशों के बीच बातचीत हो सकती है। वियतनाम पर भी ट्रंप ने भारी भरकम टैरिफ लगाया है।

मुरादनगर विधानसभा की बाईक रैली का संजीव गुप्ता के निवास पर हुआ जोरदार स्वागत

गाजियाबाद करंट क्राइम। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा संगठन के युवा मोर्चा की ओर से विधानसभा स्तर पर युवा कार्यकताओं के साथ बाईक रैली का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को रैली के मुख्य अतिथि महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल एवं मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी ने अपने आरडीसी कार्यालय से इस रैली का शुभारंभ किया। भाजपा के महानगर कोषाध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता ने अपने राजनगर निवास पर रैली का पुष्प वर्षा एवं आतिशबाजी के साथ सभी को फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। स्वागत पश्चात संजीव कुमार गुप्ता भी बाईक रैली में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर महानगर कोषाध्यक्ष ने कहा कि संगठनात्मक कार्यो को गति देने में भाजपा के युवा मोर्चा के कार्यकताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। इसलिए इन युवाओं का उत्साहवर्धन भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। बाईक रैली का संचालन युवा मोर्चा के महानगर अध्यक्ष सचिन डेढा के नेतृत्व में किया गया तथा रैली में मुख्य रूप से रनीता सिंह, मोनू त्यागी, नीरज त्यागी, प्रवीन चौधरी, विनीत शर्मा, गौरव चौपडा, कपिल वशिष्ठ, भानू शिशोदिया, ओम दत्त कौशिक, प्रदीप चौधरी, राहुल तोमर, के साथ सैकड़ों युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

डीएम दीपक मीणा के निर्देशन पर जनपद की तीनों तहसीलों में तहसील दिवस सम्पन्न

114 शिकायतें दर्ज, 07 का मौके पर निस्तारण, शेष शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश

गाजियाबाद करंट क्राइम। प्रत्येक माह के पहले और तीसरे शनिवार को होने वाले तहसील दिवस के मद्देनजर एवं शनिवार को अवकाश होने के कारण सोमवार को जनपद गाजियाबाद की तीनों तहसीलों में जिलाधिकारी दीपक मीणा के निर्देशन पर तहसील दिवस संपन्न हुआ। मोदीनगर तहसील में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में तहसील दिवस संपन्न हुआ। इस दौरान तहसील दिवस में कुल 62 शिकायत प्राप्त हुई और 02 का मौके पर निस्तारण हुआ। इस दौरान सीएमओ डॉ.अखिलेश मोहन, एसडीएम मोदीनगर डॉ.पूजा गुप्ता, एसीपी मोदीनगर, तहसीलदार रजत सिंह अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण समयान्तराल में निष्पक्ष एवं पूर्ण गुणवत्तापूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें। सदर तहसील में एसडीएम अरूण दीक्षित की अध्यक्षता में तहसील दिवस आयोजित हुआ। यहां 16 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 03 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। इस दौरान तहसीलदार रवि कुमार सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी गण मौजूद रहे। लोनी तहसील में एसडीएम श्री राजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में तहसील दिवस संपन्न हुआ। इस मौके पर 36 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 02 का मौके पर निस्तारण किया गया। इस दौरान तहसीलदार जयप्रकाश, बीडीओ विन्नी यादव सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

भाजपा के स्थापना दिवस पर मयंक गोयल, सरदार एस पी सिंह के आवास पर पहुंचे

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। गाज़ियाबाद- भाजपा के स्थापना दिवस पर महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल अपने सहयोगी कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी के पूर्व महानगर अध्यक्ष व अल्पसंख्यक आयोग उ० प्र० के पूर्व सदस्य सरदार एस पी सिंह के आवास पर पहुँचे और भाजपा ध्वज को आवास पर लगवाया।

वरिष्ठों को सम्मान देने के क्रम में पहुँचे मयंक गोयल का सरदार एस पी सिंह ने सहयोगियों के साथ सरोपा, श्री दरबार साहिब का चित्र, छोटे साहिबजादों की शहादत व दस गुरुओं का जीवन परिचय पुस्तक भेंट करके उन्हें सम्मानित किया। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि सभी कार्यकर्ता अपने वरिष्ठों का सम्मान करते हैं यह भाजपा के संस्कार हैं और हमें समाज के सभी वर्गों के प्रति सम्मान को बरकरार रखते हुए उनके सुख दुख में शामिल रहना होगा। मोदी जी के नेतृत्व में देश नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

इस अवसर पर रविन्दर सिंह जौली, हरप्रीत सिंह जग्गी, इकबाल सिंह सोढ़ी, मनजीत सिंह सेठी, गगन सिंह अरोड़ा, ज्ञानी राजिन्दर सिंह, अमित गुप्ता, आमोद कालरा, बाबी त्यागी, गुंजन शर्मा, अमित त्यागी, गौरव चोपड़ा, कुलदीप त्यागी, अश्विनी शर्मा, पंकज भारद्वाज, संदीप कुमार, मनीष मित्तल व सुधीर त्यागी सहित अन्य प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे..

जिलाध्यक्ष चैनपाल सिंह ने बाईक रैली कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं का किया आभार

गाजियाबाद करंट क्राइम। पार्टी स्थापना दिवस के अवसर पर जिला गाजियाबाद लोनी विधानसभा क्षेत्र में जिलाध्यक्ष चौधरी चैनपाल सिंह की अध्यक्षता और युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष हिमांशु शर्मा की अगुवाई में आयोजित बाइक रैली संपन्न हुई। बाइक रैली करवां बैंक्विट हॉल पाभी से आरंभ होकर नाईपुरा सरकारी अस्पताल पर समाप्त हुई। इसमें सैकड़ो की संख्या में पार्टी कार्यकताओं ने भाग लिया। भाजपा युवा मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आर्यन त्यागी मुख्य अतिथि के रूप में बाइक बरेली में उपस्थित रहे। समापन कार्यक्रम पर जिला अध्यक्ष चौधरी चैनपाल सिंह ने पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के 8 वर्ष सेवा सुरक्षा और सुशासन के पूर्ण होने पर प्रदेश भर में कार्यक्रम चल रहे हैं। विभिन्न आयामों के माध्यम से पार्टी कार्यकर्ता भारी निष्ठा के साथ जिला मंडल एवं बूथ स्तर तक कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए लगे हुए हैं। युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष हिमांशु शर्मा ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी पार्टी कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया। बाइक रैली के दौरान पार्टी कार्यकताओं का उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला महामंत्री राजेंद्र बाल्मीकि, जिला उपाध्यक्ष रामकुमार त्यागी, कौमुदी चौधरी, जिला मंत्री सुदेश भारद्वाज, राहुल बैंसला, आकाश गौतम, मिडिया प्रभारी धजेन्द्र खारी धजय मंडल अध्यक्ष राहुल श्याम सुंदर, मनीष चौहान, संतोष मिश्रा, जितेंद्र गुप्ता आदि सहित पार्टी के पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधि मोर्चों के पदाधिकारी एवं पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आकाशीय बिजली से सुरक्षा हेतु बहुपयोगी है दामिनी एप एवं सचेत एपः एडीएम सौरभ भट्ट

गाजियाबाद करंट क्राइम। जिलाधिकारी दीपक मीणा के निर्देशन पर अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) सौरभ भट्ट ने जनसामान्य से अपील करते हुए कहा कि खराब मौसम में आकाशीय बिजली गिरने/वज्रपात की घटनाएं घटित होने की संभावनाएं काफी बढ़ जाती हैं। जिससे जनहानि एवं पशु हानि व मकान क्षति तथा व्यक्ति के घायल होने की घटनाए प्रायः होती हैं। ऐसे में यह आवश्यक है कि आकाशीय बिजली से बचने के उपायों को अपनाया जाए ताकि वज्रपात से जनहानि न होने पाये। उन्होंने कहा कि जनसामान्य अपने मोबाइल में मौसम विज्ञान विभाग भारत सरकार द्वारा विकसित दामिनी एप एवं सचेत एप डाउनलोड करें, जिससे वज्रपात/मौसम खराब की पूर्व सूचना मिल सके और वज्रपात से बचा जा सके। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रतिवर्ष वज्रपात से कम से कम क्षति हो इसके लिए प्रभावी व्यवस्था को अपनाने के साथ ही अधिसूचित आपदाओं की पूर्व चेतावनियों एवं अलर्ट को आम जनमानस तक समय से पहुचांकर आपदा को कम किया जा सकता है।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने जनसामान्य को बचाव के बारे में जागरूक करते हुए बताया कि वज्रपात से बचने के लिए पेड़ों के नीचे, मोबाइल टावर व ऊंचे मकान के नीचे शरण न लें। बच्चों को बाहर न खेलने दें, लोहे की खिड़की, दरवाजे व हैण्डपम्प आदि को न छुएं। धातु से बने छाते का प्रयोग न करें, लैण्डलाइन एवं बिजली के उपकरणों का उपयोग न करें, खुल वाहनों मे सवारी न करें, बचाव के लिए जमीन पर न लेटें तथा तैराकी या नौकायन न करें। यदि मौसम खराब हो तो तुरन्त किसी पक्के घर में शरण लें, आसपास सुरक्षित स्थान न होने पर दोनों कानों को बंद कर पैरों को सटा लें तथा घुटनों का टेक लेकर उकडू बैठ जाएं। घरों में विद्युत उपकरणों को प्लग से अलग कर दें। यदि खेतों में हैं तो तुरन्त सूखे स्थान पर चल जाएं। हाईटेंशन तारों, पोखरों, बिजली के खंभों तथा कटीले तारों से दूर रहें। उन्होंने बताया कि वज्रपात से कम से कम क्षति हो इसके लिए प्रभावी व्यवस्था को अपनाने के साथ ही अधिसूचित आपदाओं की पूर्व चेतावनियों एवं अलर्ट को आम जनमानस तक समय से पहुंचा कर आपदा को काम किया जा सकता है।

उन्होंने बताया दामिनी ऐप लगभग 20 से 40 किमी के क्षेत्र में संभावित लाइटनिंग अलर्ट का नोटिफिकेशन प्रेषित करता है, जिससे व्यक्तियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचने तथा बचाव का अवसर प्राप्त हो सकेगा। इसलिए स्वयं के मोबाइल में दामिनी एप डाउनलोड करने के साथ ही जनसामान्य को भी इस अति उपयोगी दामिनी एप के बारे में बताएं, जिससे वज्रपात की पूर्व चेतावनी व अलर्ट अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सके तथा वज्रपात से होने वाली क्षतियों को न्यूनीकृत किया जा सके। मौसम की पूर्ण जानकारी हेतु सचेत एप डाउनलोड करें, जिससे मौसम की जानकारी एवं विभिन्न आपदाओं की जानकारी व एडवाइजरी भी प्राप्त हो सके व चेतावनी मिलती रहे।

उद्यमियों ने गिनाई समस्याएं तो मंत्री नन्दी ने क्षेत्रीय प्रबंधक को दी निलम्बन की चेतावनी

औद्योगिक विकास मंत्री नन्दी ने सूरजपुर, गाजियाबाद और ट्रोनिका सिटी के उद्यमियों से किया संवाद

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। देश का ग्रोथ इंजन बनने की ओर अग्रसर एवं असीम सम्भावनाओं वाले उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास को और गति प्रदान करने एवं उद्योगों के विकास में उद्यमियों के सामने आ रही समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने औद्योगिक क्षेत्रों में जाकर उद्यमियों से संवाद की शुरूआत की है। जिसके तहत मंत्री नन्दी ने सोमवार को जनपद गाजियाबाद के होटल रेडिशन में सूरजपुर, गाजियाबाद और ट्रोनिका सिटी औद्योगिक क्षेत्र के प्रमुख उद्यमियों के साथ संवाद किया। उनकी समस्याओं और सुझावों को सुना। उद्यमियों द्वारा औद्योगिक क्षेत्रों में भवन निर्माण निमावली अलग-अलग होने पर एक रूप किए जाने की मांग की गई। उद्यमियों को भूखण्डों के आवंटन का आवंटन पत्र प्रदान किया गया। उद्यमियों ने कहा कि वर्तमान सरकार में औद्योगिक विकास में काफी सुधार हुआ है, जिससे उद्यमियों में काफी सुधार हुआ है। बैठक में सीईओ यूपीसीडा मयूर महेश्वरी, जिलाधिकारी गाजियाबाद दीपक मीणा, प्रधान महाप्रबंधक राजीव त्यागी, प्रधान महाप्रबंधक संदीप चंद्रा, चैप्टर चेयरमैन आईआईए राकेश बंसल, अध्यक्ष आईआईए संजीव शर्मा, लघु भारती अध्यक्ष संजय बत्रा, विशाल गोयल आदि उद्यमीगण मौजूद है।

औद्योगिक क्षेत्रों के विकास में लापरवाही कत्तई बर्दाश्त नहीं की जाएगीः नन्दी समाधान दिवस के अंतर्गत औद्योगिक विकास विभाग की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए सूरजपुर, गाजियाबाद और ट्रोनिका सिटी औद्योगिक क्षेत्र के उद्यमियों से संवाद के दौरान मंत्री नन्दी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार औद्योगिक विकास एवं प्रदेश की आर्थिक उन्नति के लिए पूर्ण रूप से उद्यमियों के साथ है। उद्योगों एवं औद्योगिक क्षेत्रों के विकास में किसी भी स्तर पर किसी भी तरह की लापरवाही कत्तई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

विश्व स्वास्थ्य दिवस पर एनसीआरटीसी ने नमो भारत स्टेशनों पर आयोजित किया हेल्थ टॉक

गाजियाबाद करंट क्राइम। सोमवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर एनसीआरटीसी द्वारा स्वस्थ जीवनशैली के प्रति लोगों को जागरूक एवं प्रेरित करने के उद्देश्य से नमो भारत स्टेशनों पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आनंद विहार नमो भारत स्टेशन पर एक हेल्थ टॉक आयोजित किया गया। जिसमें एक एक्सपर्ट ने लोगों को दैनिक जीवन में स्वस्थ एवं फिट रहने के मूलमंत्र दिए। डेस्क-जॉब और स्क्रीन पर लंबे समय तक काम करने वाले लोगों में होनो वाली रीढ़ एवं जोड़ों के दर्द की समस्या पर विशेष रूप से बात करते हुए उन्होंने इसके गंभीर लक्षणों और सावधानियों पर चर्चा की। इसके साथ ही आनंद विहार और गाजियाबाद नमो भारत स्टेशनों पर यात्रियों को फिटनेस के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से स्टेप-अप चैलेंज, रस्साकूद, पुश-अप्स और प्लैंक्स जैसे फिटनेस चैलेंजेस भी आयोजित कराए गए जिसमें यात्रियों ने पूरे उत्साह से भाग लिया। इन गतिविधियों ने न केवल यात्रियों की फिटनेस को परखा बल्कि उनका मनोरंजन करने के साथ उन्हें पुरस्कार जीतने का मौका भी दिया।

इस अवसर पर स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा एक नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया गया। इसमें उन्होंने यात्रियों से अपील की कि वे एस्कलेटर व लिफ्ट का उपयोग पहले जरूरतमंद लोगों को करने का मौका दें और सार्वजनिक परिवहन साधनों में साफ-सफाई के प्रति अपना योगदान दें तथा गदंगी न फैलाएँ।

सम्मान

गाजियाबाद करंट क्राइम। गुरूवार को समरकूल चेयरमैन संजीव गुप्ता ने होटल रेडिसन ब्लू में आयोजित समाधान दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार में केबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी का स्वागत किया। इस अवसर पर दोनों के बीच कई विषयों पर बात हुई।

रामनवमी पर अखंड रामायण पाठ हवन के बाद शोभा यात्रा निकली

गाजियाबाद करंट क्राइम। डीएलएफ कॉलोनी में रामनवमी के शुभ दिन पर माता वैष्णो मंदिर के पवित्र दरबार में अखंड रामायण पाठ हवन के बाद शोभा यात्रा प्रारंभ हुई। घोड़े से सजे रथ में प्रभु राम सीता लक्ष्मण और हनुमान जी के रूप में विराजमान थे, ट्रैक्टर ट्राली में झांकियां डीजे बैंड के साथ हजारों बंधु/ भगिनियों/ बच्चों के साथ शोभायात्रा प्रारंभ हुई। प्रभु श्रीराम के भजन के साथ शोभा यात्रा में लोग झूम रहे थे, लोग पुष्पवर्षा कर रहे थे। शोभा यात्रा डीएलएफ कॉलोनी के डी-1 ब्लॉक से प्रारंभ होकर सी व सी- 1 ब्लॉक, मध्य मार्ग से होते हुए भगत सिंह चौक, न्यू अग्रवाल स्वीट्स से लालगढ़िया होते हुए वापस मंदिर प्रांगण पहुंची इस दौरान सभी ने खुशी झूम झूम कर शोभायात्रा में अपना सनातन भाव प्रकट किया।

इस अवसर पर श्री सनातन धर्म मंदिर समिति के अध्यक्ष के रूप में मानसिंह गोस्वामी व मंदिर टीम, आरडब्लूए अध्यक्ष हरीश कसाना, हनुमान चालीसा संगठन के सम्मानित सदस्य गण, निगम पार्षद रेखा गोस्वामी , पंडित हीरा लाल, साथ-साथ पुष्पेंद्र बंसल, विजय सिंह, मनोज सिंह, विष्णु शर्मा, दीपक पाराशर, के के शर्मा, मनोज तोमर, यतेंद्र शर्मा, एडवोकेट जोगिंदर चौधरी, लाला सतेंद्र सिंघल, गुड्डू अग्रवाल, मुकेश गोयल, जितेंद्र, मनोज गुप्ता, अनिल पाल, परवीन कुमार, जोधा गुर्जर, नरेश बंसल, मनीष गुप्ता, पुनीत कुमार बजरंगी, ओमदत्त शर्मा, प्रियांशु शर्मा, अमन शर्मा सहित सैकड़ो भक्त गण साथ रहे।

चिन्टू जी

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे SOCIAL MEDIA



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा नेता एसपी सिंह ने अपनी धर्मपत्नी तथा पूर्व पार्षद कुसुम सिंह के साथ प्रयागराज में त्रिवेणी संगम में स्नान किया। इस पावन स्नान के बाद उन्होंने लेटे हुए बड़े हनुमान जी के दर्शन किए। भाजपा नेता एसपी सिंह ने अध्यात्म और धर्म से जुड़े अपने इस श्रद्धा भाव को फेसबुक पर साझा किया। आस्था के संगम पर श्रद्धाभाव की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।